भोपाल, मंगलवार
18
मार्च 2025

दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 अंक-201 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

## @खबर संक्षेप

### आरटीओ एएसआई की संदिग्ध मौत

**ग्वालियर।** परिवहन विभाग में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घर के अंदर उनका शव कमरे में पड़ा मिला हैं। मृतक धर्मवीर फ्लाइंग एस्कॉड के प्रभारी थे। परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। इसके बाद उन्हें पीएम हाउस लेकर पहुंचे। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। धर्मवीर से परिवहन घोटाले में शामिल सौरभ शर्मा के साथ भी तैनात रहे हैं।ग्वालियर परिवहन विभाग के सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह के भाई समर सिंह के मुताबिक वहां रात को अपने निर्धारित समय पर सो गए थे। वहां कम्पू थाना क्षेत्र में साऊथ वेन्यू कैम्पस में रहते थे। सुबह जल्दी जागते थे। ड्राइवर जब उन्हें चाय देने गया तो देखा वहां जागे नहीं थे। उसे कुछ शंका हुई तो पड़ोसियों को बुलाया, जब शरीर में कोई हलचल नहीं दिखी तो अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।भाई ने बताया कि अगस्त में उनका रिटायरमेंट था। उनको कोई तकलीफ नहीं थी। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट समझा जा रहा है। लेकिन पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही सही कारण बताया जा सकेगा। वही कम्पू थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि मृतक एएसआई की उम्र 61 साल थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजहों का खुलासा हो पाएगा।

### शहीद एएसआई के परिजनों से मिले डीजीपी



**सतना।** मऊगंज जिले में हुए हिंसक बवाल में शहीद हुए एएसआई रामचरण गौतम के गृह ग्राम डीजीपी कैलाश मकवाना पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद एएसआई रामचरण गौतम के परिवार से मुलाकात की है। साथ ही शहीद एएसआई रामचरण गौतम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने शहीद एएसआई रामचरण गौतम के परिवार से मुलाकात कर शहीद के बेटों से उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली है। साथ ही शहीद के बड़े भाई रामजी से परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने को लेकर चर्चा की है। वहीं, शहीद की पत्नी पुष्पा गौतम को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। डीजीपी ने परिवार से कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है। मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम हमारे पुलिस परिवार के ही अधिकारी रहे हैं। उनके साथ बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। पूरी पुलिस परिवार की ओर से हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने भी घोषणा की है कि परिवार को पूरा सहयोग किया जाएगा। हमारी ओर से उनके बेटे को नौकरी दी जाएगी। इस घटना में कई अपराधी भाग गए है। इनसे से आठ अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा है। बाकी अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस की अलग अलग टीम खोजबीन कर रही है।वहीं, शहीद एएसआई के घर जब डीजीपी पहुंचे तो रामचरण गौतम की पत्नी बिलख रही थीं। उनका कहना था कि हमारे पास खेती बाड़ी नहीं है। हमारे बच्चों का क्या होगा। इस पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने भरोसा दिया है कि पूरी मदद की जाएगी।

### नागपुर में दो गुटों में टकराव, वाहनों में लगाई आग

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को औरंगजेब की कब्र के विरोध में एक संगठन के प्रदर्शन के बाद दो गुटों के बीच टकराव हो गया। नागपुर के महल इलाके में दोनों ओर से पथराव हुआ। वाहनों में आग लगा दी गई। दोनों गुटों को शांत करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठी चार्ज किया। बताया जा रहा है पथराव में एक पुलिसकर्मी समेत चार लोग घायल हो गए। केंद्रीय मंत्री और सांसद नितिन गडकरी और सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से शांति की अपील की है। महल इलाके में औरंगजेब की कब्र को हटाने को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के पास बजरंग दल के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। पुलिस के मुताबिक अफवाह फैली कि आंदोलन के दौरान धार्मिक पुस्तक को जलाया गया है। बजरंग दल के प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे मुस्लिम समुदाय के सदस्यों में आक्रोश फैल गया। शाम को गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में पवित्र पुस्तक को जलाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने कहा कि शिकायत के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के सदस्य महल, कोतवाली, गणेशपेठ और चितनविस पार्क सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में इकट्ठा होने लगे। पुलिस ने गड़बड़ी को भांपते हुए गश्त बढ़ा दी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को बुलाया।

## TRENDING है... बुरा न मानों

### वो महफ़िल में तो आए मगर...

सोमवार का दिन सूबे की विधानसभा के लिए भी यादगार रहा होगा...एक लम्बे समय के बाद विधानसभा के अंदर एक व्हीव्हीआईपी साहब पहुंचे। वैसे साहब का पॉलिटिकल टेम्प्रेचर आजकल डाउन चल रहा है। उनके मुताबिक उनकी हो पार्टी में काम नहीं हो रहा और फिर साब तो देश के बड़े नेताओं में शुमार रहे हैं...लिहाजा अपोजिशन की वो भी दो नंबर की कुर्सी पर बैठने का साब का दिल भी नहीं करता। वैसे भी आजकल उनको वो भाव भी नहीं मिल रहा न अपने दे रहे और न पराए सो साब विधानसभा भी रस्म अदायगी के लिए आते हैं। सोमवार को भी आये मगर कुछ देर के लिए ...लेकिन इस बार भी ख़ास तवज्जो मिली नहीं। अब इस कद के साब को ये नागवार गुजरा और एक जमाने में राजनीती के नाथ जल्दी ही चले भी गए...

● अय्यार

# 18 वर्ष के बाद विक्रम विश्वविद्यालय प्रदान करेगा मानद उपाधि

## विश्वविद्यालय के ही छात्र रह चुके सीएम डॉ. मोहन यादव को मानद सम्मान



**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का दीक्षांत समारोह भी 30 मार्च को होने जा रहा है। द्रोपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2007 में यानी 18 साल पूर्व, विश्वविद्यालय ने अंतिम बार मानद उपाधि प्रदान की थी। इस वर्ष का दीक्षांत समारोह इसलिए भी विशेष है, क्योंकि विश्वविद्यालय लंबे अंतराल के बाद फिर से मानद उपाधि प्रदान करने जा रहा है और विद्या परिषद की



बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को समाज के वंचित वर्ग के उत्थान और समाज सेवा में असाधारण समर्पण के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। वहीं, हार्टफुलनेस मेडिटेशन के संस्थापक कमलेश डी. पटेल को वसुधैव कुटुंबकम की भावना को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के लिए डी.लिट की मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा।30 मार्च को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया गया है। पिछले वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोहों को महान विद्वानों ने संबोधित किया, जिनमें पं.जवाहरलाल नेहरू, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन, सर सीपी रामास्वामी अय्यर, डॉ. कालूलाल श्रीमाली, पं. द्वारकाप्रसाद मिश्र, पं. कुंजीलाल दुबे, बाबू जगजीवनराम, डॉ. गोविंद नारायण सिंह, महादेवी वर्मा, इंदिरा गांधी, डॉ. सरोजिनी महिषी, डॉ. गोपाल स्वरूप पाठक, प्रो. नुरुल हसन, डॉ. हरगोविंद खुराना और डॉ. सतीश चंद्रा, ए पी जे अब्दुल कलाम आदि शामिल थे। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, ले कर्नल राजवर्धन सिंह राठौर, पूर्व न्यायाधीश रमेशचंद्र लाहोटी, सोमया दीक्षित, इफको के प्रबंध निदेशक उदयशंकर अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार आलोक मेहता और पद्मभूषण डॉ. अनिल कोहली को यह उपाधि प्रदान की जा चुकी है। डॉ. मोहन यादव ने अपने विद्यार्थी जीवन से इस विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने के लिए नए पाठ्यक्रमों को लागू करवाने के साथ ही इसकी लोकप्रियता को जन जन तक पहुंचाया और उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं और कार्यों को लागू किया।

### 140 विद्यार्थियों को भी मिलेंगे शैक्षणिक उपाधि

समारोह में यह पहला अवसर होगा जहां मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं विद्यार्थियों को भी शैक्षणिक उपाधि प्रदान की जाएगी। इस बार कुल 140 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। विक्रम विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा के अवसर पर आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2024 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदाय किए जाएंगे। इसके अलावा 75 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर दो शोधार्थियों को डी.लिट की उपाधि प्रदान करेंगे। दीक्षांत समारोह में जिन 140 छात्र/छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, उनमें से नॉन-सीबीसीएस श्रेणी में 38 स्नातकोत्तर और 17 स्नातक स्तर के विद्यार्थी तथा सीबीसीएस श्रेणी में 47 स्नातकोत्तर और 18 स्नातक स्तर के विद्यार्थी शामिल हैं।

# चीतों का बढ़ता कुनबा आनंद का अवसरः सीएम डॉ. यादव

## मादा चीता 'गामिनी' और चार शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्योपुर स्थित राष्टीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'गामिनी' और उसके चार शावकों को बाड़े से मुक्त कर राष्टीय उद्यान में स्वछंद विचरण के लिए छोड़ा जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैव विविधता की दृष्टि से, दक्षिण अफ्रीका से प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्वास, देश ही नहीं अपितु एशिया महाद्वीप का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।



इस इंटरकांटिनेंटल प्रोजेक्ट के लिए कूनो (श्योपुर) का चयन, प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रदेश के वन विभाग के अमले की लगन और अथक परिश्रम से इस व्यापक परियोजना का सफल क्रियान्वयन संभव हो पाया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। इससे पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और चंबल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था समग्र रूप से सशक्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को जंगल में छोड़ दिया गया। गामिनी और उसके शावकों के जंगल में जाने के बाद अब कूनो नेशनल पार्क में कुल 26 चीते हो गए हैं, जिनमें 14 शावक भारतीय धरती पर जन्मे हैं।

### गर्मी में सार्वजनिक प्याऊ लगाने के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलों के कलेक्टर, नगरीय निकायों तथा पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपयुक्त स्थलों पर छाया की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस संबंध में जन प्रतिनिधियों से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए ग्रीष्म ऋतु में प्याऊ लगवाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को दिए संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से जल गंगा अभियान के अंतर्गत बूंद- बूंद जल बचाने के लिए संचालित होने वाली गतिविधियों में सहभागिता करने का भी आव्हान किया।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुए अहम समझौते



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन दिल्ली में दोनों देशों के बीच हुए कई समझौतों के साक्षी बने। न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'मैं पीएम लक्सन और उनके मंत्रिमंडल का भारत में स्वागत करता हूं...पीएम लक्सन भारत से जुड़े हुए हैं।इस बीच, भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को नई दिल्ली में कई अहम समझौते हुए। इस दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री मौजूद रहे। समझौते के बाद साझा बयान में बताया गया कि दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का फैसला किया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा उद्योगों में आपसी सहयोग का खाका तैयार किया जाएगा। पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर बातचीत शुरू करने का निर्णय भी लिया गया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '...अवैध प्रवास के मुद्दे से निपटने के लिए भारत और न्यूजीलैंड के बीच आपस में एक समझौता तैयार करने के लिए काम किया जाएगा।' साझा बयान में कहा गया कि चाहे 2019 का क्राइस्टचर्च हमला हो या 2008 का मुंबई हमला, आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। दोनों देशों ने कहा है कि आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करना जारी रखेंगे।

# कांग्रेस ने लोकायुक्त को सौंपे परिवहन घोटाले के दस्तावेज



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि परिवहन का बजट 150-200 करोड रुपए का है और घोटाला हजारों करोड़ का होता है। सरकार बताए कि इस मामले में बड़े मगरमच्छों पर कार्रवाई कब होगी। कांग्रेस विधायकों ने लोकायुक्त से भेंट कर जांच की मांग की है। सिंघार के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकायुक्त से भेंट की और मंत्री गोविंद राजपूत सहित परिवहन घोटाले की जांच की मांग की। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश लोकायुक्त को मंत्री गोविंद राजपूत की हजारों करोड़ की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज भी सौंपे।नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायकों ने लोकायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें कहा गया है कि गोविन्द सिंह राजपूत मंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा लोकसेवक के पद पर रहते हुये भ्रष्टाचार कर अपने स्वयं एवं पत्नि तथा पुत्रों, रिश्तेदारो एवं अन्य लोगों के नाम से सैकडों एकड़ जमीन अवैध लेनदेन कर खरीदने एवं बेनामी अवैध संव्यवहार की जांच किए जाने एवं सम्पत्ति अटैच करने की मांग की गई।इस दौरान उमंग सिंघार ने कहा कि परिवहन का बजट 150- 200 करोड रुपए का है और घोटाला 5 हजार करोड़ का होता है।

# रेलवे का खर्च 1.38 रुपये और आमदनी 72 पैसे



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसमें लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं। रेल मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने कोविड महामारी से जुड़ी चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है और यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और यात्री तथा माल यातायात दोनों में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे ने 2,75,000 करोड़ रुपये के खर्च के मुकाबले लगभग 2,78,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।रेल मंत्री ने कहा कि खर्च के प्रमुख घटकों में कर्मचारी लागत (1,16,000 करोड़ रुपये), पेंशन भुगतान (66,000 करोड़ रुपये), ऊर्जा व्यय (32,000 करोड़ रुपये) और वित्तपोषण लागत (25,000 करोड़ रुपये) शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि अच्छे प्रदर्शन के कारण रेलवे अपने खर्चों को अपनी इनकम से पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसे लगातार सुधारने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे माल ढुलाई से राजस्व अर्जित करते हुए यात्री किराए में सब्सिडी देता है। उन्होंने कहा कि प्रति किलोमीटर वास्तविक लागत 1.38 रुपये है जबकि यात्रियों से 72 पैसे ही लिए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 2023-24 के लिए कुल यात्री सब्सिडी करीब 57,000 करोड़ रुपये होगी।

### टल गया वकील-पुलिस टकराव,नहीं हुआ प्रदर्शन

**इंदौर।** पुलिस और वकीलों के बीच होने वाला संभावित टकराव टल गया, वकील बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने नहीं पहुंचे। इस बार पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर जिला कोर्ट, रीगल तिराहे पर तगड़ा बंदोबस्त कर रखा था। दंगा नियंत्रक वाहनों के अलावा फायर ब्रिगेड भी तैनात थी।दरअसल सोमवार को जिला कोर्ट में वकीलों ने बैठक आयोजित की थी। इसमें आगे की रणनीति बनाई गई थी। वकीलों ने पहले कहा था कि वे सोमवार को बड़ा प्रदर्शन करेंगे। बैठक की जानकारी मिलते ही अफसरों ने पुलिस बल तैनात कर दिया। वकीलों के बैठक में तय हुआ कि सिर्फ एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अफसरों से मिलने जाएगा। कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं होगा। इसके बाद पांच वकील पुलिस कमिश्नर से मिले। उनके लौटने के बाद पुलिस बल भी हटा दिया गया। बैठक में तय हुआ कि जो गलत हुआ है, उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। हाईकोर्ट के सामने प्रतिबंधित क्षेत्र में चक्काजाम, आम लोगों के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सोमवार को रीगल तिराहा, जिला कोर्ट परिसर में आठ थानों का पुलिस बल तैनात था। वाटर केनन वाहन भी तैनात कर दिया गया था।

# स्पेशल डीजी रेल शर्मा का निधन, पुलिस महकमे में शोक की लहर

विशेष संवाददाता

**भोपाल।** भारतीय पुलिस सेवा के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी और मध्यप्रदेश के स्पेशल डीजी रेल मनीष शंकर शर्मा का निधन हो गया है। उन्होंने दिल्ली में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का पार्थिव देह मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल लाया गया है। ई-5 स्थित निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। आईपीएस मनीष शर्मा, पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा के बेटे थे। उनके चाचा डॉ. सीताशरण शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं।



मनीष शंकर शर्मा का जन्म 11 मई 1966 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में हुआ। उनकी उम्र 58 वर्ष थी। उन्होंने इंदौर के डेली कॉलेज से स्कूलिंग और भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज से ग्रेजुएशन किया।

### अमेरिका में मनाया जाता है 'मनीष शंकर शर्मा दिवस'

आईपीएस मनीष शंकर शर्मा को अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के सैन डिएगो शहर में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सैन डिएगो के महापौर केविन एल. फॉकनर ने 20 जुलाई को उन्हें सम्मानित किया था। इसके अलावा इस दिन को हर साल 'मनीष शंकर शर्मा दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। वहीं, उन्हें यूएस हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स का सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल कांग्रेशनल रिकग्निशन भी दिया गया था।

### मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भावुक पोस्ट लिखी। जिसमें मध्य प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक, रेल मनीष शंकर शर्मा जी के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। पुलिस सेवा में तत्पर्य एक निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी का असमय चले जाना निश्चित ही प्रदेश और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारजनों यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति दें, यही प्रार्थना करता हूँ। विनम्र श्रद्धांजलि ! ? शांति !'

## विरासत

### गुड़ी पड़वा को लोकार्पित होगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप

# राष्ट्रपति मुर्मू का उज्जैन प्रवास 30 मार्च को संभावित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महाशिवरात्रि से प्रारंभ हुए विक्रमोत्सव में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी शामिल होंगी। आगामी 30 मार्च को नव संवत्सर,चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के मौके पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप्प का लोकार्पण भी राष्ट्रपति के हाथों संभावित है। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का दीक्षांत समारोह भी 30 मार्च को होने जा रहा है।



द्रोपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि भी होंगी। इसी दिन राष्ट्रीय राजनीति के क्षितिज पर महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बन चुके इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को डी लिट् (मानद उपाधि) की उपाधि प्रदान की जाएगी।125 दिन तक चलने वाला विक्रमोत्सव ज्ञात इतिहास में विश्व का सबसे दीर्घ अवधि तक चलने वाला सांस्कृतिक आयोजन बनने जा रहा है,इसी क्रम में कभी काल गणना का केंद्र रहे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण भी महत्वपूर्ण कड़ी है। एप्प विश्व की 180 से अधिक भाषाओँ में उपलब्ध होगा।

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना विश्व की प्राचीनतम, सूक्ष्म, शुद्ध, त्रुटिरहित, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति है। काल/परिमाण की इस सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का



पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में प्रारंभ किया जा रहा है। उज्जयिनी की स्थापना सृष्टि के आरंभ से ही मान्य की जाती रही है। दुनियाभर में उज्जयिनी से निर्धारित और प्रसरित कालगणना नियामक रही है। भारतीय खगोल सिद्धांत और ब्रम्हाण्ड के ग्रह नक्षत्रों की गति पर आधारित भारतीय काल गणना में समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश किया जाता है।

### इनका कहना है



यह वैदिक घड़ियां विशेष तरीके से तैयार की जा रही है जिसमें हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही लगभग 189 भाषाएं रहेंगी। घड़ी की विशेषता की बात की जाए तो इसे विशेष चिप के माध्यम से तैयार किया जा रहा है जिससे बिजली चले जाने पर भी यह घड़ी बंद नहीं होगी और इसका समय अपने आप चलता रहेगा।

श्रीराम तिवारी ,निदेशक
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### जमुनिया जेठू में गौ तस्करी को लेकर विवाद



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** उमरेठ के जमुनिया जेठू में सोमवार को गौ तस्करी को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में किशोर नाम के युवक पर रंजीत ने हमला कर दिया। किशोर को चेहरे पर चोट आई। उसका पुलिस ने मुलाहजा कराया है। सोमवार को चार बजे पीडित का मुलाहजा कराया गया। जमुनिया जेठू निवासी किशोर ने बताया कि वह खेत में था। उसी दौरान गांव का ही युवक रंजीत गाय लेकर जा रहा था। रंजीत पर गौ तस्करी का लोगों को शक रहता है। किशोर ने उससे बोला कि गाय मत ले जा। ऐसा कहकर उसने गाय को खोल दिया। इससे रंजीत गुस्सा हो गया और उसने किशोर से मारपीट कर दी। घटना की शिकायत उमरेठ पुलिस को की गई। किशोर ने बताया कि लगातार गाय खरीदकर उसे बेचने का काम गांव में हो रहा है। इसलिए उसे गाय ले जान से रोका गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोठार मे घर में घुसकर अधेड से मारपीट



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** उमरेठ थाना क्षेत्र के कोठार में घर में घुसकर अधेड से मारपीट की गई। आरोपी पक्ष पर पीडित पक्ष ने महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। पुलिस ने पीडितों का सोमवार को साढे चार बजे मुलाहजा कराया। पीडित सोमा और उसकी पत्नी रामवती ने बताया कि वे कोठार में रहते है। गांव में रहने वाला सुंडिया उनसे अक्सर विवाद करता है। महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी करता है। आज भी वह गांव आया और उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। उसके हाथ में चोट आई है। उसकी पत्नी से भी आरोपी ने अभद्रता कर मारपीट की। पीडित सोमा ने बताया कि उसके साथ आरोपी हमेशा विवाद करता है। उसके हाथ में चोट आई है। डा दीपक वर्मा ने पीडितों का उपचार किया।

### मोरडोंगरी में 30 साल के युवक ने खाया जहर



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** उमरेठ थाना क्षेत्र के मोरडोंगरी में अज्ञात कारणों से युवक ने जहर खा लिया। युवक की जान बचाने के लिए पुलिस ने हंड्रेड डायल वाहन से पीडित को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। पुलिस को मोरडोंगरी से युवक ने फोन कर बताया कि उसके भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को प्राप्त हुई। उमरेठ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। सैनिक राम दास पँवार पायलेट अभिमन्यु पँवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। एफ आरव्ही द्वारा युवक को परिजन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया अस्पताल पहुँचाया गया। डायल 112 जवानों की तत्परता से पीड़ित युवक को समय पर उपचार मिला।

### अलबेली ग्रुप ने मनाया होली मिलन समारोह

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** अलबेली महिला ग्रुप ने परासिया के होटल में होली मिलन समारोह आयोजित किया।
महिलाओं ने रंग गुलाल खेला। होली के गीत गाएं। होली के नृत्य किए और होली के खुशियों के रंगों को जीवन में घोलने की बात की। रंग बिरंगे वस्त्रे आभूषण पहने महिलाओं ने गीत गाऐ गेम खेले डॉंस किऐ। स्नेहलता राय अनीता अरोरा, राखी सहगल, नीलम सेतिया, जतिंदर कौर, राज मुंगिया रिंकी ग्रेवाल साधना सोनी रीना विज अनीता सेठी. नीतू अरोरा पूजा पाण्डे नीतू मुंगिया, सोनिया अरोरा उपस्थित रही।

# निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं: कलेक्टर विश्वकर्मा

## कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास और निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। आगामी एक सप्ताह में लक्ष्य प्राप्ति हेतु तेजी से कार्य किया जाए। कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन आवासों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जिले में आवास प्लस अंतर्गत 20180 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध 16773 आवास स्वीकृत हो गए हैं तथा 1401 आवासों की स्वीकृति की कार्यवाही प्रचलन में है। डुप्लीकेट जॉब कार्ड होने के कारण 2006 पीएम आवास स्वीकृत नहीं हुए हैं जिनमें नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### जनपद सीईओ और एई को नोटिस के निर्देश

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे अटल ग्राम सेवा सदन पंचायत भवनों के निर्माण कार्य की विगत एक सप्ताह की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सांची जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन अटल ग्राम सेवा सदन पंचायत भवनों में अभी तक हुए निर्माण कार्य से अधिक राशि का भुगतान निर्माण एजेंसी को किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांची जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी तथा एई आशीष कुमार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत धनाश्री में भी अटल पंचायत भवन के निर्माण कार्य से अधिक राशि का भुगतान होने पर बाड़ी जनपद एई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान वन भूमि पर अवैध उत्खनन के प्रकरणों तथा की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली।

### दिखावटी नहीं, प्रभावी कार्रवाई करें

खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि 32 करोड़ रू के लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 14 करोड़ 76 लाख रू की ही राजस्व प्राप्ति हुई है जो कि कम है। खनिज निरीक्षक द्वारा मार्च माह में अभी तक जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के 29 प्रकरण ही दर्ज करने तथा 27 वाहन जप्त किए जाने की जानकारी देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्रवाई दिखावटी नहीं, ठोस होनी चाहिए। जिले में खनिजों के अवैध उत्खननकर्ताओं तथा परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को भी खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर रोक लगाने हेतु कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

### निर्देशों के बाद भी नही हो रहे कार्य पूर्ण

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन कार्यो की जानकारी ली। मोहनिया तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अंतिम समयावधि 14 मार्च 2025 बीतने के बाद भी अभी तक बांध कार्य 90 प्रतिशत तथा नहर का कार्य 35 प्रतिशत ही पूर्ण हुआ है। उन्होंने कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह को पुन- नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए पद के अनुरूप गंभीरता दिखाने के लिए कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार और अधिकारीवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में गंभीरता दिखाएं। सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में बेहतर कार्य करने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बाड़ी जनपद सीईओ दानिश अहमद तथा बेगमगंज जनपद सीईओ आशीष जोशी की सराहना करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतें होने के बाद भी इन्होंने बेहतर काम किया है, अन्य अधिकारी इनसें सीखें।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए पीओ डूडा सुरेखा जाटव को शिकायतों के निराकरण में गंभीरता दिखाते हुए अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

## बारिश से पहले जांच और जागरुकता फैलाने के दिए निर्देश



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया में सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी, बीएमओ और बीपीएम ने प्रशिक्षण दिया। बारिश से पहले वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर जानकारी दी गई। सोमवार को पांच बजे प्रशिक्षण का समापन हुआ। सैक्टर सुपरवाईजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यु, आशा सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया गया। मलेरिया बीमारी के उन्मूलन और वैक्टर जनित रोग नियंत्रण की समीक्षा की गई। मलेरिया फेलने से पहले प्रशिक्षण दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डा देवेंद्र भालेकर, बीएमओ डा शशि अतुलकर और बीपीएम अनूप साहू ने प्रशिक्षण दिया।
नोट-इस खबर के साथ फोटो है।

# महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में नागरिकों ने किया हंगामा

## नागरिकों को बुलाकर दो घंटे नहीं आई परियोजना अधिकारी

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**



परासिया के महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। वार्ड क्रमांक 16 के नागरिक आंगनबाडी की सहायिका की शिकायत ओर कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपने आए थे। परियोजना अधिकारी से समय लेकर वे आए थे। लेकिन परियोजना अधिकारी नहीं आई। इससे नाराज नागरिकों ने हंगामा किया। बाद में सुपरवाईजर ने ज्ञापन लिया।

गौरतलब है कि महिला बाल विकास विभाग के परियोजना क्रमांक एक सुपरवाईजर के भरोसे चल रहा है। मोनिका उईके को परियोजना का चार्ज मिलने के बाद यहां स्थितियां गडबडा गई है। वे कार्यालय नहीं आती है। परासिया के वार्ड क्रमांक सोलह के आंगनबाडी केंद्र में सावित्री छिपने सहायिका के रूप में पदस्थ है। सहायिका पर नशा करने के आरोप है। नागरिकों ने कहा कि तीन बार शिकायत कर चुके है। सहायिका नशे में आती है। बच्चे लेकर नशे में आना खतरनाक है। परियोजना अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रही है।

पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया को एक दिन पहले ज्ञापन सौंपा गया था। आज कार्यालय खुलने पर नागरिक ज्ञापन देने पहुंचे। लेकिन परियोजना अधिकारी समय देने के बाद नहीं आई न उन्होंने अपने मातहतो को कोई निर्देश दिए। दो घंटे तक शिकायतकर्ता महिलाएं धूप में खडी रही। वार्ड वासियों ने वार्ड सोलह की सहायिका सावित्री छिपने को हटाने की मांग की। नागरिकों ने कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक आंगनबाडी बंद रहेगी। और किसी भी बच्चे को आंगनबाडी में नहीं भेजा जाएगा। तीन दिनों में कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया गया।

# पैसों के लेनदेन में हुआ खूनी संघर्ष,माता-पिता बेटों पर किया जान लेवा हमला

## सभी घायलो का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**



कोतवाली क्षेत्र के भुआरा गांव में पैसों के लेनदेन को लेकर रविवार रात खूनी संघर्ष हो गया। गांव के जगदीश अहिरवार और उसके साथियों ने लाखन सिंह और उनके परिवार पर तलवार और डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में चार लोग गंभीर घायल हो गए। घायल राकेश अहिरवार ने बताया कि उन्होंने जगदीश को 6 महीने पहले 10 हजार रुपए उधार दिए थे।

रविवार रात उनके पिता लाखन सिंह पैसे मांगने गए थे। इस पर जगदीश ने 5-6 लोगों को बुलाकर उन पर हमला कर दिया। जब राकेश का छोटा भाई सुनील और मां फूलवती बचाने पहुंचेए तो उन पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने परिवार को गांव में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पिता लाखन सिंह के हाथ और सर में चोट लगी है। भाई सुनील के पैरों में और राकेश के सिर, कान और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उनका इलाज जारी है। थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से मामला दर्ज किया है। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए थे।

### विवाद के बाद युवक पर तलवार से किया हमला

जिले के गैरतगंज के के पाठा मोहल्ले में दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। तीन युवकों ने मिलकर एक युवक पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में युवक के हाथ में गहरी चोट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। करन गौर उर्फ पियूष,निवासी चांदोनीगंज, अपने मामा के घर गैरतगंज पाठा मोहल्ले आया था। यहां उसकी कहासुनी गोलू आदिवासी,रोहित कुशवाहा और निखिल कुशवाहा से हो गई।

# उमरेठ के रैनीधाम मेले में उमडी भक्तों की भीड

## यहां पत्थरों में गूंजती है संगीत की स्वर लहरियां



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** होली के बाद उमरेठ के रैनीधाम में मेला लगा है। आदिवासी संस्कृति के इस मेले में बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हे। रैनीधाम मेला विशाल चट्टानों वाले पहाडों के बीच लगता है। इस पहाड के पत्थरों को ठोंकने पर मुधर ध्वनि निकलती है। प्राकृतिक विशाल पत्थरों बनी गुफा उमरेठ से 6 किलोमीटर दूर स्थित है। पहाड़ पर कई वर्षों से होली के बाद सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला आदिवासियों का आस्था का केंद्र माना जाता है। इस पहाड़ पर गुफाओं के बीच मेघनाथ भगवान की पूजा अर्चना कर अपनी मन्नत को पूरा करते हैं। विशाल पत्थर आकर्षण का केंद्र है। नागरिक बताते है कि पत्थरों से टिमकी की आवाज निकलती है। टिमकी एक आदिवासी वाद्य यंत्र होता है। मेले के समिति सदस्य काकोडिया ने मेलेकी जानकारी दी।

# ब्रह्म समाज महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव



## शिव मंदिर में जुटी समाज की महिलाएं

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** ब्रह्म समाज महिला प्रकोष्ठ परासिया द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने होली मनाई और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। सीमा शुक्ला, संध्या पचोरी द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की गई। फाग गायन सभी मातृ शक्तियों द्वारा किया गया। अंजली पांडे, मेघा गर्ग ने राधा कृष्ण नृत्य किया। होली नृत्य किया गया। होली का गेम श्रद्धा चौबे द्वारा कराया गया। इस गेम में श्वेता शर्मा ने प्रथम, पिंकी शर्मा ने द्वितीय स्थान लिया। कार्यक्रम में ब्रह्म समाज कल्याण महिला मंडल, अध्यक्ष प्रीति तिवारी, संध्या पचौरी श्रद्धा चौबे उषा परसाई अंजली पांडे मेघा गर्ग श्वेता शर्मा वर्षा दुबे पूजा तिवारी पिंकी शर्मा, सीमा शुक्ला, अर्चना शर्मा, साक्षी दुबे, राखी शर्मा, स्वर्णलता मिश्रा उषा पांडे मंजुला मिश्रा निर्मला तिवारी शकुन दुबे सीमा मिश्रा वर्षा शर्मा उषा परसाई आदि विप्र मातृ शक्तियों उपस्थित थी।

# एएसआई की हार्ट अटैक से मौत, ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी अस्पताल ले जाते समय बेटी की गोद में दम तोड़ा

**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**




यातायात थाने के एएसआई को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आ गया। सूचना पर परिजन और साथी पुलिसकर्मी उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के आनुसर रायसेन यातायात थाने में तैनात एएसआई 55 बर्ष फूल सिंह उइके रविवार को नाइट ड्यूटी पर थे।

सोमवार सुबह थाने में उन्हें घबराहट महसूस हुई उन्होंने अपनी बेटी पलक उइके को फोन किया कुछ देर बाद उनकी बेटी पलक थाने पहुंची और पुलिसकर्मियों की मदद से पिता को तुरंत एक निजी अस्पताल ले गई। वहां पल्स नहीं मिलने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान रास्ते में ही उन्होंने बेटी की गोद में दम तोड़ दिया। पलक ने बताया कि उन्हें हार्ट से जुड़ी कोई परेशानी नहीं थी, शुगर पेशेंट जरूर थे। सूचना मिलते ही एएसपी कमलेश कुमार खुरपुसे जिला अस्पताल पहुंचे।

### मंडी में नए गेहूं को 2450 से लेकर 2600 रुपए प्रति क्विंटल हुआ नीलाम

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** कृषि उपज मंडी में पांच दिन की छुट्टी के बाद सोमवार से नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी खरीदी केंद्र शुरू नहीं होने के कारण किसानों को मंडी का रुख करना पड़ा। व्यापारियों ने नए गेहूं की खरीदी 2450 से लेकर 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से की। नकतरा के किसान शैतान सिंह ने 100 क्विंटल नई गेहूं की उपज मंडी में बेची। उन्होंने बताया कि सरकारी खरीदी केंद्र पर तुलाई अभी शुरू नहीं हुई है। इस कारण उन्हें मजबूरी में मंडी में फसल बेचनी पड़ी। शैतान सिंह ने बताया कि 5 एकड़ में 1544 वैराइटी की गेहूं की खेती की थी। इस बार उनका उत्पादन अच्छा रहा। किसानों का कहना है कि तत्काल पैसों की जरूरत के कारण वे मंडी में गेहूं बेच रहे हैं। सोमवार को मंडी में नए गेहूं के अलावा चना और धान की भी आवक देखी गई।

# महिला कांग्रेस ने मनाया होली मिलन समारोह

## कांग्रेस कार्यालय में जुटी महिलाएं

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** नगर महिला कॉंग्रेस का होली मिलन समारोह कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गय कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत गजल भजन शेर शायरी के साथ नृत्य किया। गोविन्द राय नवल सिंह परिहार श्याम साहू, देवेन्द्र राय, यमुना दुवे, चन्द्र भूषण डेहरिया, कमल राय, ब्रज कुमारी सरेआम, दुलारी मालवी, प्रतिभा सोनी, मंजू सोनी,



अंजलि श्रीवास्तव, एखलाक सिद्धिकि सैफ खान उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर स्वागत किया। सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्वेतादास गुप्ता कविता वर्मा, रीना बावरिया, उर्मिला, रजक भावना साहू, शिवा रावतेल सुधा राजपूत प्रभा पाल सुनीता यादव उमा पाल किरण कोलारे मंजू राय बीना डेहरिया ललिता डेहरिया प्रभा उईके अभिलाषा साहू फेमुन्निशा कुरैशी समशाद खान लक्ष्मी रघुवंशी शकुन विसंदरे प्रतिमा वैस पूजा मरकाम दशोदा दिवाकर संतोषी डेहरिया सुमंतरा बैस अनिता विश्वकर्मा संगीता यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बसन्त मालवी एवं आभार व्यक्त सावित्री वर्मा नगर महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष ने किया।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### युवक की हत्या के मामले में किन्नर सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज

**भोपाल।** पुराने भोपाल के तलैया थाना इलाके में थाने से थोड़ी दूरी पर ही रविवार सुबह आदिल नाम के युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो फरार किन्नरों के खिलाफ नामजद मामला कायम कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने बुधवारा निवासी किन्नर अल्वीरा और ऑटो चालक किन्नर के साथी नवाब और अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपी नवाब निशातपुरा थाना इलाके में स्थित करोंद का रहने वाला है, लेकिन लंबे समय से वह बुधवारा में ही रह रहा था। हत्याकांड से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में किन्नर एक कार से उतरकर ऑटो में बैठने जाते हुए दिख रही है। इसी दौरान मृतक पीछे से दौड़ते हुए उस पर हमला करता हुआ नजर आ रहा है। इसके बाद अल्वीरा और उसके साथी पीछा करके उसे पकड़ते हैं, और उस पर हमला कर देते हैं। पुलिस के मुताबिक एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें तीन लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। इस कारण आशंका है कि तीन लोगों ने मिलकर आदिल की हत्या की है। जिनमें से दो आरोपियों की पहचान हो गई है। एक की पहचान की जानी शेष है। पुलिस ने बताया शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक आदिल ने किन्नर को चेहरे पर वार कर चोट पहुंचाई थी। इस कारण घायल किन्नर की अस्पतालों में तलाश की जा रही है। वहीं वारदात की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हालांकि रंजिश का सही कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है, की कहीं यह रंजिश अवैध संबंधों को लेकर तो नहीं थी। पुलिस जांच में सामने आया है की मृतक आदिल के खिलाफ मारपीट का एक मामला साल 2014 में दर्ज और दूसरा मामला अवैध हथियार रखने का साल 2021 में दर्ज हुआ था। बताया गया है की आदिल के भाई आमिर की भी करीब एक साल पहले बरखेड़ी इलाके में हत्या हुई थी। पुलिस का दावा है की जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा, जिनसे पूछताछ के बाद ही हत्या के सही कारण का खुलासा हो सकेगा।

### अज्ञात चोर करीब 70 हजार रुपए का माल बटोरकर हुए चंपत

**भोपाल।** निशातपुरा में घर में घुसकर अज्ञात चोर करीब 70 हजार रुपए का माल बटोरकर चंपत हो गया। बताया गया है की बदमाश सोने-चांदी के जेवरात बटोरने के बाद मकान में अन्य कीमती माल तलाश रहा था। लेकिन दूसरे कमरे में पहुंचने पर उसकी गलती से एक बर्तन जमीन पर गिर गया। इस आवाज से महिला की नींद खुल गई और चोर को सामने देख उसने शोर मचा दिया, इससे घबराया आरोपी फौरन ही खिड़की के रास्ते से वापस भाग गया। थाना पुलिस के अनुसार करोंद के पास कृषक नगर में रहने वाली अनीता अहिरवार पति दिनेश शर्मा (34) ने अपनी शिकायत में बताया की वह घरेलू काम करती है। उनके पति दिनेश शर्मा ड्रायवरी का काम करते है। काम के चलते पति के कई बार वाहन लेकर शहर से बाहर जाने के कारण वह घर पर अकेली रहती है। 15-16 मार्च की उरम्यानी रात को अनीता कमरे में सो रही थी। रात करीब 2 बजे घर में सामान गिरने की आवाज से उनकी नींद खुल गई। वह देखने के लिये वहॉ पहुंची तो उन्हें एक अज्ञात बदमाश खड़ा नजर आया। उसे देखाकर अनीता ने मदद के लिये जोर-जोर से शोर मचाना शुरु कर दिया। चीखने की आवाज से घबराया आरोपी खिड़की के रास्ते से फरार हो गया। बताया गया है की चोर खिड़की के रास्ते से ही घर में दाखिल हुआ था।

### कालेज छात्रा के साथ दुष्कर्म, जाति से अपमानित कर किया शादी से इंकार

**भोपाल।** बिलखिरिया पुलिस ने एक कालेज छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने सहित जाति से अपमानित करने की धाराओ के तहत मामला कायम किया है। थाना पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती कालेज ने अपनी शिकायत में बताया की वह कॉलेज छात्रा ती है। करीब पांच साल पहले उसकी पहचान अवधपुरी इलाके में रहने वाले आर्यन नामक युवक से हुई थी। जल्द ही उनकी दोस्ती नजदीकियों में बदल गई। आरोपी आर्यन ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करना शुरु कर दिया। बीते दिनो आरोपी का व्यवहार छात्रा के प्रति बदलने लगा। उसका बदला व्यवहार देख छात्रा ने उस पर शादी करने का दबाव डाला तब आरोपी ने उसे जातिगत बातें कहते हुए अपमानित कर शादी करने से इंकार कर दिया। बाद में यूवती पुलिस के पास पहुंची और शिकायत कर दी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# भोपाल मेट्रो का कमर्शियल रन टला

## जून के बजाए अब अगस्त में, रेलवे ब्रिज लोड टेस्टिंग जल्द होगी



**भोपाल।** भोपाल मेट्रो में सफर करने की तैयारी कर रहे लोगों को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। जून में शुरू होने वाला कमर्शियल रन अब अगस्त 2025 में शुरू होगा। इससे पहले मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एम्स, अलकापुरी और डीआरएम मेट्रो स्टेशन का काम पूरा करेगा।

सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच करीब करीब काम पूरा हो गया है। अब इन स्टेशनों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। भोपाल मेट्रो का कमर्शियल रन सुभाष नगर से एम्स भोपाल मेट्रो स्टेशन के बीच शुरू होगा। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने अब इसकी नई तारीख अगस्त 2025 दी है। इससे पहले रेलवे ब्रिज पर मेट्रो का लोड भी चेक किया जाएगा। इसके बाद सब कुछ ठीक रहने पर मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर मई या जून में ट्रेक का निरीक्षण कर सकते है, जिनकी रिपोर्ट ठीक आने पर कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

### 6.22 किमी की दूरी 11 मिनट में तय करेगी मेट्रो

मेट्रो के ट्रायल रन के दौरान इसे रानी कमलापति स्टेशन से एम्स तक 10-20 किमी प्रति घंटा की गति से चलाया गया। कमर्शियल रन में मेट्रो की स्पीड 70-90 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे 6.22 किमी की दूरी मात्र 11 मिनट में पूरी की जा सकेगी।

### प्राक्कलन समिति भी जता चुकी है नाराजगी

पिछले दिनों विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था। समिति ने मेट्रो के काम में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। उस समय मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने 15 अगस्त तक कमर्शियल रन शुरू करने की समयसीमा दी थी।

### छह मेट्रो भोपाल पहुंची, 21 और आएंगी

भोपाल मेट्रो स्टेशन पर तीन-तीन कोच की मेट्रो को शुरुआत में चलाया जाएगा। स्टेशन छह कोच के हिसाब से तैयार किए गए हैं। अभी भोपाल में 6 मेट्रो कोच के सेट आ गए हैं। इस तरह के कुल 27 मेट्रो कोच के सेट भोपाल आएंगे। अभी 21 मेट्रो कोच के सेट आना बाकी हैं।

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



भोपाल। संभागायुक्त संजीव सिंह ने आगामी ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए भोपाल संभाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को तत्काल प्रभाव से हैंडपंपों की मरम्मत और उनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल- जल योजनाओं की गहन समीक्षा करने और नगरीय निकायों के अधिकारियों को पेयजल, परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है ताकि नागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।

संभागायुक्त सिंह ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में समय -सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी शासकीय स्कूलों में छात्रों के नेत्र परीक्षण के लिए शिक्षकों का जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा जिससे प्रशिक्षित शिक्षक स्कूलों में प्रारंभिक नेत्र परीक्षण कर सकेंगे और आवश्यकतानुसार छात्रों को आगे की जांच के लिए संदर्भित कर सकेंगे।

# 9 साल की मासूम को घर ले जाकर युवक ने की अश्लील हरकते

## स्कूल में हुए बैड टच जागरूकता कार्यक्रम के बाद मासूम ने मॉ को बताई घटना




**भोपाल।** शहर के निशातपुरा इलाके में होली के दिन रंग के दौरान मोहल्ले में रहने वाला युवक 9 साल की मासूम को सबकी नजरो से बचाकर अपने घर में ले गया। वहाँ उसने मासूम के साथ अश्लील हरकतें की और फिर किसी को न बताने की धमकी देकर छोड़ दिया।

बाद में स्कूल में बैड टच के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ तब मासूम ने घर जाकर होली के दिन की गई आरोपी की करतूत के बारे में मां को बताया। इसके बाद मामला पुलिस थाने पहुंच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करोंद इलाके में रहने वाली 9 साल की मासूम स्कूली छात्रा है। होली के दिन मोहल्ले में रंग खेला जा रहा था।

इस दौरान मासूम भी अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी, तभी मोहल्ले में रहने वाले सोनू कुशवाहा मासूम को सबकी नजरो से बचाते हुए अपने घर ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकतें की। अश्लील हरकते करने के बाद आरोपी ने मासूम को घटना के बारे में किसी को कुछ भी न बताने की बात कहते हुए घर जाने दिया। इसके बाद स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मासूम को बैड टच के बारे में बताया गया।

जानकारी लगने पर उसे आरोपी सोनू द्वारा की किये गये बैड टच की याद आ गई। स्कूल से घर आकर उसने अपनी मां को बताया कि सोनू कुशवाहा ने उसके साथ अश्लील हरकते की थी। जानकारी लगने पर परिवार वाले मासूम को लेकर पुलिस थाने पहुचें।

# शादी का झांसा देकर दो साल तक करता रहा दुष्कर्म

## घुमाने के बहाने होटल ले जाकर की थी ज्यादती, मुबंई जायेगी पुलिस पार्टी



**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में निजी कंपनी में नौकरी करने वाली युवती के साथ उसके ही रिश्ते के भाई द्वारा शादी का झांसा देकर दो साल तक रेप किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है की नजदीकियां बढ़ाने के बाद आरोप ने युवती को मिलने के लिये बुलाया और फिर उसे घुमाने के बहाने एक होटल में ले जाकर जर्बदस्ती शारीरिक संबध बना डाले। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जल्द शादी करने का झांसा दिया और फिर लगातार उसका दैहिक शोषण करने लगा।

बीते दिनो आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह प्रायेवट नौकरी करती है। आरोपी सुभाष चंद्र मेहर का रिश्ते का भाई है, और वह भी मुंबई में प्रायवेट नौकरी करता है। उन दोनो की करीब दो साल पहले एक शादी समोराह में मुलाकात हुई थी। इसके बाद उनके बीच बातचीत शुरू हो गई और जल्द ही मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। प्रेम-प्रंसग के बाद सुभाष ने उसे एक दिन मिलने के बहाने बुलाया था। उसके कहने पर जब पीड़ता उससे मिलने पहुंची तब आरोपी उसे एक होटल में ले गया और वहॉ जर्बदस्ती दुष्कर्म कर डाला। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे ही जल्द शादी करने का झांसा दिया था। इसके बाद करीब दो साल तक आरोपी ने कई बार उसका दैहिक शोषण किया।

## *क्रिकेटर शमी की बेटी द्वारा होली खेलने के मामले मप्र में गरमाई सियासत*

# शमी को कहा कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं :सारंग



**भोपाल।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के बयान को लेकर मध्य प्रदेश में सियासत गरमा गई है। एमपी सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने मामले में कड़ा एतराज जताया है। सारंग ने कहा कि मौलाना का बयान आपत्तिजनक है। सारंग ने क्रिकेटर शमी को लेटर लिखकर कहा है कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

गौरतलब है कि यूपी बरेली के मौलाना रजवी ने दो दिन पहले शमी की बेटी के होली खेलने पर एतराज जताया था। मोहम्मद शमी की बेटी का होली खेलते हुए वीडियो सामने आने पर रजवी ने कहा था कि मोहम्मद शमी की बेटी का रंग खेलना शरीयत के खिलाफ और नाजायज है। इसी पर खेल मंत्री सारंग ने सोमवार को पलटवार किया है। उन्होंने कहा, देश में अब कट्टरपंथ और धमकी की राजनीति नहीं चलेगी।

### शहाबुद्दीन रिजवी का बयान निंदनीय

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी का बयान निंदनीय है। अगर मोहम्मद शमी की बेटी होली खेलती है तो इससे कट्टरपंथियों को क्या परेशानी है? यह देश हर धर्म और समुदाय के लोगों का है और यहां किसी की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगाई जा सकती। सारंग ने कहा कि मोहम्मद शमी और उनकी बेटी को डरने की जरूरत नहीं है। सरकार उन्हें पूरा संरक्षण देगी। मैंने मोहम्मद शमी को पत्र लिखकर कहा है कि किसी भी कट्टरपंथी धमकी से डरने की जरूरत नहीं है। यह देश सबका है, और सभी को अपनी संस्कृति के साथ जीने का अधिकार है।

### सारंग ने पूछा अब कहां हैं प्रियंका गांधी

सारंग ने विपक्ष पर भी हमला करते हुए कहा कि जब एक छोटी बच्ची को धमकी दी जा रही है, तो प्रियंका गांधी, जो खुद 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देती थीं, अब कहां हैं? कांग्रेस और विपक्ष के नेता तुष्टिकरण की राजनीति कब तक करते रहेंगे? सारंग ने कहा कि मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी पहले भी मोहम्मद शमी को रोजे के दौरान क्रिकेट खेलते हुए पानी पीने पर धमका चुके हैं। आखिर यह कट्टरपंथ कहां तक जाएगा? कुरान और वेदों में भी मातृभूमि की महिमा का उल्लेख है। कोई भी व्यक्ति किसी की स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगा सकता।

### दुरिंया बढ़ाने पर युवक ने गर्लफ्रेंड को दी वीडियो वायरल करने की धमकी

**भोपाल।** कमला नगर इलाके में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसके पुराने दोस्त युवक के खिलाफ छेड़खानी, धमकी देने सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी दुरियां बढ़ाने पर उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। पीड़िता ने पूर्व आरोपी के खिलाफ टीटी नगर थाने में छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था, इसके बाद भी आरोपी अपनी करतूतो से बाज नहीं आया और युवती को मैसेज कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर युवती ने कमला नगर थाने में शिकायत की। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की पहले उसकी दोस्ती रोहन नाम के युवक से थी। दोनों के बीच की दोस्ती को युवक कुछ और समझने लगा। इस बात का अहसास होने पर युवती ने रोहन से दुरियां बनानी शुरु की और उससे बात करना भी बंद कर दी। इससे रोहन गुस्सा हो गया और उसने युवती का पीछा कर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। तंग आकर पीड़िता ने उसके खिलाफ टीटी नगर थाने में छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद भी रोहन की हरकतें बंद नहीं हुई। वहीं युवती की शादी परिवार वालो ने दूसरे लड़के से तय कर दी। इसकी जानकारी लगने पर रोहन ने युवती को मैसेज कर दोस्ती के समय बनाये गये वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर पीड़िता कमला नगर थाने जा पहुंची, शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सभी एसडीएम गेहूं खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

## समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



**भोपाल।** प्रभारी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को टीएल बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को उच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी लंबित शिकायतों की स्वयं मॉनीटरिंग कर शिकायतों का निराकरण कराए।

कोई भी शिकायत बिना किसी कारण के फोर्स क्लोज न की जाए एवं पुअर डिस्पोजल शिकायतों को पुनः निराकृत किया जाए। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल रहने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए।

प्रभारी कलेक्टर जैन ने सभी एसडीएम एवं जिला खाद्य नियंत्रक को निदर्शित किया कि प्रदेश सहित जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए जिले में बनाए गए सभी गेहूं खरीदी केन्द्रों पर पीने के लिए पानी, छाया के लिए टेंट एवं शौचालय की व्यवस्था के साथ आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इसके साथ ही केन्द्रों पर लंबी - लंबी लाईनें न बनें, इसके साथ ही किसान भाईयों की समय पर गेहूं की तुलाई हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी भी स्थान पर लॉ इन आर्डर की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए सभी एसडीएम अपने - अपने क्षेत्र के गेहूं खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें।

# मप्र के तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट

## दो दिन के लिए यलो-ऑरेंज अलर्ट, आज भी छाएंगे बादल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां प्रदेश का तापमान 39 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया जा रहा था, वहीं एक ही दिन में पारे 4 डिग्री तक की गिरावट हुई है। प्रदेश के कई जिलों में 19 और 20 मार्च को आंधी-बारिश की संभावना है। भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, चंबल, सागर और शहडोल संभाग में ज्यादा असर रहेगा। यहां 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग ने 19 और 20 मार्च के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं रविवार को भोपाल, विदिशा, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली में बादल छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी और गरज-चमक की स्थिति भी बनी रही।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश का कहना है कि अभी राजस्थान के ऊपर और उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हैं। इस वजह से मौसम बदला हुआ है। 18 मार्च से फिर नया सिस्टम एक्टिव होगा। इसकी वजह से अगले 2 दिन तक बारिश हो सकती है। प्रदेश में पिछले 4 दिन के मौसम की बात करें तो 13 मार्च को मुरैना, भिंड में हल्की बारिश हुई। 14 मार्च को भिंड में बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं, 15 मार्च को झाबुआ, रतलाम, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ में कहीं-कहीं बौछारें गिरी और बादल छाए रहे। राजधानी भोपाल में भी दिन में बादल देखने को मिले। बाकी शहरों में आसमान साफ रहा और गर्मी का असर देखा गया। 16 मार्च को भी कई जिलों में गरज-चमक, बूंदाबांदी और आंधी वाला मौसम रहा।

# आलोचना ही लोकतंत्र की आत्मा है : मोदी

भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका के पॉडकासटर लैक्स फ्रिडमैन को 3 घंटे से ज्यादा का इंटरव्यू देकर सारी दुनिया का ध्यान अपनी और आकर्षित कर लिया है। पहली बार एक विदेशी पॉडकास्टर को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेबाकी के साथ जवाब दिया है। उसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चर्चा सारी दुनिया के देशों में होना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी झिझक के गोधरा, गुजरात, चीन, अमेरिका, लोकतंत्र, रूस-यूक्रेन के युद्ध तथा भारत-पाकिस्तान के संबंधों पर खुलकर बात की है। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी एक नई छवि विश्व भर में बनाना चाहते हैं। उसके लिए उन्होंने 3 घंटे से ज्यादा का समय का साक्षात्कार देकर सभी अनछुए पहलुओं को उजागर करने का काम किया है। यह इन्टरव्यू दुनिया के कई देशों में कई भाषाओं में प्रसारित किया जाएगा। जो मोदी की अंतर्राष्टीय छबि को बेहतर बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा उनकी ताकत भारत के 140 करोड़ नागरिक हैं। वैदिक संस्कृति और विरासत उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा आलोचना ही लोकतंत्र की आत्मा है। वह हर किस्म की आलोचना को स्वीकार करते हैं। गोधरा कांड के बाद हुए नरसंहार को लेकर जिस तरह से उन्होंने अपने आपको निर्दोष बताया, न्यायपालिका ने भी उन्हें निर्दोष माना, यह मोदी जी की सबसे दुखती नस थी, जिस पर उन्होंने खुलकर जवाब देकर एक नई छवि बनाने की कोशिश की है। वर्तमान संदर्भ में रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर उन्होंने जो बात कही। युद्ध भूमि से कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है। किसी भी समस्या का समाधान केवल बातचीत से ही निकल सकता है। उन्होंने एक विश्व गुरु की तरह अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, जब-जब युद्ध हुए हैं, सारी दुनिया को विनाश और नुकसान ही झेलना पड़ा है। उन्होंने अपने आप को शांति का पक्षधर बताया। इन्टरव्यू में मोदी ने अपनी एक नई छवि निर्मित करते हुए कहा वह हमेशा से संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक के खिलाफ काम करते रहे हैं। दुनिया भर के दशों और भारत में उनकी समय-समय पर आलोचना भी हुई है। उन्होंने कहा मैंने हर आलोचना का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का या इंटरव्यू रविवार को प्रकाशित हुआ। उसके बाद से इसकी बड़ी चर्चा भारत में हो रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पिछले कई महीनो से लगातार व्यक्तिगत हमले हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि नकारात्मकता की बन रही है। ऐसे समय पर प्रधानमंत्री का यह इंटरव्यू प्रायोजित बताया जा रहा है जिसमें प्रश्न भी पहले से ही तैयार थे उत्तर भी तैयार करके दिए गए थे। पिछले 2 महीने से जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौतियां मिल रही है। उनकी विश्व गुरु की व्यक्तिगत छवि को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इस इंटरव्यू के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक नई छवि बनाने की कोशिश के रूप में इसे देखा जा रहा है। भारत के मीडिया से प्रधानमंत्री दूरी बनाकर रखते हैं। भारतीय मीडिया में भी जिन लोगों को वह इंटरव्यू देते हैं, वह भी प्रायोजित इंटरव्यू की तरह ही होते हैं। इस इंटरव्यू से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि किस रूप में निखरकर सामने आएगी, अभी यह कहना मुश्किल है। इंटरव्यू जिसने भी देखा और सुना, उसके मन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक नई धारणा और एक नई छवि जरूर देखने को मिली है। पर उपदेश कुशल बहुतेरे की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो बोलते हैं। वैसा होता हुआ लोगों को पिछले 11 वर्षों में नहीं दिखा है। भारत में उनकी छबि के लिए विश्वसनीयता का संकट है। जो विश्वास पहले उनके प्रति लोगों में था, वह अब देखने को नहीं मिल रहा है। अंतरराष्टीय जगत में एक विश्व गुरु के रूप में उनकी छवि पिछले कुछ वर्षों में बनाई गई थी। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका के राष्टपति चुने जाने के बाद मोदी की पहले वाली विश्व गुरु की छवि को बड़ा धक्का लगा है। अमेरिकी पॉडकासटर प्रधानमंत्री मोदी की कितनी छवि अर्न्तराष्टीय स्तर पर बन पाएगी इसका पता आने वाले समय में लगेगा। बहरहाल यह इंटरव्यू देश और दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में बड़े-बड़े दावे किये हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े-बड़े सपने दिखाये हैं। 11 वर्षों का उनका शासन है। कथनी और करनी के बीच इन्टरव्यू की विश्वसनीयता कसौटी में जरूर कसी जाएगी।

# इम्युनिटी बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में शामिल करें ये चीजें

मौसम बदलने पर बीमारियों से बचने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार लेना बेहद जरूरी होता है। सही खानपान न केवल हमारी इम्युनिटी को मजबूत करता है, बल्कि हमें मौसमी संक्रमणों से भी बचाता है। बादाम, मौसमी फल और हरी सब्जियों को अपनी रोजमर्रा की डाइट में शामिल करने से शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो संक्रमणों से लड़ने की ताकत देते हैं। यहाँ इम्युनिटी बढ़ाने वाले 4 असरदार खाद्य पदार्थ दिए गए हैं, जो आपको मौसमी फ्लू और अन्य बीमारियों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

## बादाम इम्युनिटी का सुपरफूड

बादाम सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पौष्टिकता का खजाना हैं। इनमें विटामिन ई, जिंक, फोलेट और आयरन सहित 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। रोज़ाना एक मुट्ठी बादाम खाना या इन्हें नाश्ते में शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। बादाम स्वाभाविक रूप से कुरकुरे, स्वादिष्ट और बहुपयोगी होते हैं, जिन्हें दिनभर कभी भी खाया जा सकता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अनुसार, नियमित रूप से बादाम खाने से इम्युनिटी को बढ़ावा मिलता है। अपनी डाइट में बादाम शामिल करें और स्वस्थ रहने की इस आसान आदत को अपनाएं।

## खट्टे फल विटामिन सी का प्राकृतिक स्रोत

संतरा, नींबू, मौसंबी और चकोतरा जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, जो शरीर में श्वेत रक्त कोशिकाओं (डब्ल्यूबीसी) के उत्पादन में मदद करते हैं। ये कोशिकाएं संक्रमणों से लड़ने का मुख्य कार्य करती हैं। रोजाना एक गिलास ताजा संतरे या मौसंबी का जूस पीने से शरीर को पर्याप्त विटामिन सी मिलता है। इन्हें सलाद, डिटॉक्स ड्रिंक्स या स्मूदी के रूप में भी डाइट में शामिल किया जा सकता है। इन्हें नियमित रूप से खाने से इम्युनिटी मजबूत होगी और आप फ्लू जैसी बीमारियों से बचे रहेंगे।

## लहसुन एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर

लहसुन का उपयोग प्राचीन काल से औषधीय गुणों के लिए किया जाता रहा है। इसमें मौजूद एलिसिन नामक तत्व कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। लहसुन में प्राकृतिक एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो शरीर को संक्रमणों से बचाते हैं। इसे करी, सूप, सब्जियों और सॉस में मिलाकर खाने से स्वाद भी बढ़ता है और सेहत भी सुधरती है। इसे अपनी डाइट में शामिल करें और छोटी-छोटी बीमारियों से बचाव करें।

## हरी पत्तेदार सब्जियाँ विटामिन व एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस

पालक, सहजन की पत्तियाँ, चौलाई की पत्तियाँ, पुदीना आदि हरी पत्तेदार सब्जियाँ इम्युनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विटामिन ए, विटामिन सी और फोलेट से भरपूर ये सब्जियाँ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती हैं। इनका सेवन करी, ग्रेवी, दाल, सलाद और सूप में किया जा सकता है। रोजाना हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें और शरीर को आवश्यक पोषण दें।

# दुर्लभ बीमारियों के बोझ तले कहराते मरीज

**दुर्लभ बीमारी एक स्वास्थ्य समस्या है जो कभी-कभार होती है और सीमित संख्या में व्यक्तियों को प्रभावित करती है। इस श्रेणी में आनुवंशिक विकार, असामान्य कैंसर, संक्रामक रोग और अपक्षयी स्थितियाँ शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर 7, 000 से अधिक मान्यता प्राप्त बीमारियों में से केवल 5 प्रतिशत के लिए ही प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं।**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

भारत में, लगभग 450 पहचानी गई दुर्लभ बीमारियों में से आधे से भी कम का इलाज़ किया जा सकता है। अधिकांश रोगियों को अक्सर केवल बुनियादी देखभाल ही मिलती है जो लक्षणों को प्रबंधित करने में मदद करती है। दुर्लभ बीमारियों के कुछ उपचारों में अत्यधिक महंगी दवाइयाँ और सहायक उपचार शामिल होते हैं, जिससे वहनीयता एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बन जाती है। प्रत्येक स्थिति से प्रभावित रोगियों की कम संख्या के कारण दवा कंपनियाँ अक्सर दुर्लभ बीमारियों को एक व्यवहार्य बाज़ार के रूप में अनदेखा कर देती हैं। परिणामस्वरूप, इन बीमारियों को %अनाथ रोग% के रूप में लेबल किया जाता है और सम्बंधित दवाओं को %अनाथ दवाएँ% कहा जाता है। भारत में, दुर्लभ बीमारी का निदान करने में आम तौर पर औसतन सात साल लगते हैं। देरी या ग़लत निदान रोगियों की पीड़ा को बहुत बढ़ा सकता है। दुर्लभ बीमारियों के शुरुआती लक्षणों को पहचानने वाले प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी भारत में स्थिति को और जटिल बनाती है। दुर्लभ बीमारियाँ ऐसी स्थितियाँ हैं जो आबादी के एक छोटे से हिस्से को प्रभावित करती हैं, फिर भी वे सामूहिक रूप से भारत में 70 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित कर रही हैं। दुर्लभ बीमारियों के लिए राष्ट्रीय नीति 2021 उनके उपचार से जुड़ी चुनौतियों से निपटने का प्रयास करती है, लेकिन वित्तीय सीमाएँ एक महत्त्वपूर्ण बाधा बनी हुई हैं। हर साल प्रति मरीज़ 10 लाख से रुपए16 करोड़ तक के उपचार खर्च के साथ, अपर्याप्त फंडिंग तंत्र रोगियों के लिए आवश्यक देखभाल तक पहुँचना मुश्किल बनाते हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। अधिकांश दुर्लभ बीमारियों का एक आनुवंशिक आधार होता है और अक्सर गंभीर, पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते हैं। कई में उचित निदान विधियों या उपचार प्रोटोकॉल का अभाव होता है और मौजूदा उपचार आमतौर पर इलाज़ प्रदान करने के बजाय केवल लक्षणों का प्रबंधन करते हैं। भारत में, कई विकासशील देशों की तरह, दुर्लभ बीमारियों की कोई सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत परिभाषा नहीं है। भारत में दुर्लभ बीमारियों का बोझ काफ़ी अधिक है, जो वैश्विक मरीजों का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। दुर्लभ रोगों के लिए राष्ट्रीय नीति से पता चलता है कि भारत में लगभग 50-100 मिलियन व्यक्ति इन स्थितियों से प्रभावित हैं। देश में 450 से अधिक मान्यता प्राप्त दुर्लभ बीमारियाँ हैं, जिनमें स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी और गौचर रोग जैसी प्रसिद्ध स्थितियाँ शामिल हैं। लगभग 8 से 10 करोड़ भारतीय दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित हैं, जिनमें से 75त्न से अधिक बच्चे हैं। इन गंभीर स्थितियों से जुड़ी रुग्णता



और मृत्यु दर की उच्च दर एक प्रमुख कारण है कि इनमें से कई बच्चे वयस्कता तक जीवित नहीं रह पाते हैं। प्रति मरीज़ 50 लाख की एकमुश्त फंडिंग, पुरानी दुर्लभ बीमारियों के आजीवन प्रबंधन के लिए अपर्याप्त है, जिसके परिणामस्वरूप उपचार बंद हो जाता है। हालाँकि 12 उत्कृष्टता केंद्रों को रुपए143.19 करोड़ आवंटित किए गए हैं, लेकिन फंड वितरण में देरी से आवश्यक उपचारों तक पहुँच में बाधा आती है। कुछ उत्कृष्टता केंद्रों ने फंड का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में देरी की है, जिससे गौचर रोग के रोगियों के लिए एंजाइम रिप्लेसमेंट थेरेपी में देरी हो रही है, इसके स्थापित लाभों के बावजूद 2021 में एसिड स्फिंगोमाइलेनेज डेफिसिएंसी जैसी अति-दुर्लभ स्थितियाँ शामिल नहीं हैं, जिससे पात्र रोगी वित्तीय सहायता के बिना रह जाते हैं। भारत में, एसिड स्फिंगोमाइलिनेज की कमी के रोगी सरकारी सहायता के बिना हैं, भले ही चिकित्सकीय रूप से स्वीकृत उपचार उपलब्ध हों। फंड के उपयोग की निगरानी करने और समय पर उपचार प्रदान करने के लिए कोई निरीक्षण नहीं है। संसद द्वारा समर्थित पहलों के क्रियान्वयन में देरी हो रही है, जिससे लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर वाले रोगी आवश्यक सहायता के बिना पीड़ा झेल रहें हैं। लंबी स्वीकृति प्रक्रिया और खराब अंतर-एजेंसी समन्वय के कारण उपचार में रुकावट आती है। क्राउडफंडिंग पोर्टल से फंड का इंतज़ार कर रहे मरीजों को अक्सर अस्पष्ट पात्रता मानदंड और प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण देरी का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 एक स्थायी फंडिंग मॉडल के बजाय एकमुश्त अनुदान पर निर्भर करता है, जिससे चल रहे उपचार अव्यवहारिक हो जाते हैं। लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर के रोगियों को आजीवन एंजाइम रिप्लेसमेंट थेरेपी की आवश्यकता होती है, लेकिन नीतिगत प्रावधान रुपए50 लाख के बाद फंडिंग को समाप्त कर देते हैं। राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 में 450 से अधिक दुर्लभ बीमारियों में से आधे से भी कम को कवर किया गया है, जिससे कई मरीज बिना किसी सहायता के रह जाते हैं। पॉम्पे और फैब्री रोग जैसी स्थितियाँ, जिनके प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं, नीति द्वारा पूरी तरह से कवर नहीं की गई हैं। प्रदर्शन ऑडिट की अनुपस्थिति अप्रभावी कार्यान्वयन और उत्कृष्टता केंद्रों में धन के कम उपयोग की ओर ले जाती है। इन केंद्रों ने पारदर्शी निधि वितरण प्रदान करने में देरी की है, जिसके परिणामस्वरूप लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर के रोगियों के लिए गंभीर देरी हुई है। डॉक्टरों और रोगियों दोनों को अक्सर उपलब्ध उपचारों और वित्तपोषण विकल्पों के बारे में जानकारी का अभाव होता है, जो आउटरीच प्रयासों में बाधा डालता है। राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 लाभों के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले कई परिवार इनके बारे में नहीं जानते हैं, जिसके परिणामस्वरूप केंद्रों में नामांकन दर कम है।

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

**टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है।**

ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे।

यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

# स शब्दों से सरोबार सप्तरंगीय मप्र 2025 का बजट

**माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में सरकार दूसरे बजट में म.प्र.के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने संस्कृत की सूक्तियों /सूत्रों से समारंभ करते हुए अपने सरल स्वभाव अनुरूप साहित्य के स शब्द का सर्वाधिक सद्उपयोग करते हुए राज्य के बजट में सुगम परिवहन से सड़क, सिंचाई से स्वास्थ्य,सिंहस्थ 28 से स्टेडियम, स्टार्टअप से सहकारी बैंकों तक संग्रहालयों से स्मारकों तक,सोलर पार्क से स्वच्छ भारतमिशन समृद्ध गांव से साहित्य विक्रय यतक एवं सफेद श्वेत दुग्ध क्रांति से संबल योजना तक के लिए 700 करोड़ रुपये तक की गहनसंभावनाओं के संपोषणीय स्वरूप को बढ़ावा देने का सफल प्रयास किया है**


बजट प्रस्तावों में बुनियादी ढांचे के लिए 70,515 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास के लिए 50,333 करोड़ रुपये, शिक्षा के लिए 44,826 करोड़ रुपये और कृषि के लिए 58,257 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बजट में सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं के लिए करीब 2 ट्रिलियन रुपये अलग रखे गए है कोई नया टैक्स भार नहीं लगाए हुए,महिलाओं-किसानों और अधोसरंचनाओ पर जोर देते हुए प्रदेश में 5 वर्षों में1 लाख कि.मी.सड़क बनाने का लक्ष्य भी है सभी वर्गों उपवर्गों को सप्तरंगीय स्वरूपों से साधने का सराहनीय संकल्प वित्तमंत्री ने व्यक्त करते हुए लाड़ली बहनाओं को केंद्र की योजनाओं से जोडे जाने का भरोसा दिलाया है बजट मेंकुल 15त्न की वृद्धि प्रस्तावित बजट में करते हुए,गरीबों को अनाज के लिए 7132 करोड़ का प्रावधान किया गया है। विकसित मध्य प्रदेश बनाना है। यह बजट 4.20 लाख करोड़ रुपये का है ।प्रदेश में निवेश के लिए नई नीतियों के साथ,एक जिला-एक उत्पाद पर फोकस,सीएम राइज स्कूल के लिए 1017 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाने, डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, 50 छात्रों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजने तक की नई रचनात्मक पहल की तो आलोचकों तक ने सराहना की है राज्य सकल घरेलू उत्पाद 2025-26 में 16 लाख 94 हजार 477 करोड़ रहना अनुमानित है,14500 एकड़ भूमि पर 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने के लक्ष्य के साथ 3 लाख से अधिक रोजगार के अवसर होकर, 10000 नए स्टार्टअप्स स्थापित होने की उम्मीद है इस वर्ष उद्योगों को दिए जाने वाले इनसेंटिव के लिए 3250 करोड रुपए का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है ।जनजातीय बोल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को प्रदेश में लागू करने के निर्णय के साथ ही प्रदेश की हर विधानसभा में एक स्टेडियम का निर्माण के साथ ,22 नए होस्टल्स, 22 नए आईटीआई कॉलेजो का निर्माण किया जाएगा ।प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है ।मध्य प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी खोली जाएगी ।धान बोनस के लिए 850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया ।किसान प्रोत्साहन योजना के लिए 5230 करोड़ रुपये का प्रावधान हैकिसानों को शून्य ब्याज पर लोन दिया जाएगा ।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नई योजना के साथ ही क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण प्रारंभ की जा रही है ।उज्जैन हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित कराते हुए,जल जीवन मिशन के लिए 17135 करोड रुपए का प्रावधान भी है। आगामी 5 वर्षों में 500 रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर निर्मित किए जाएंगे ।इस वर्ष 3500 किलोमीटर नई सड़क तथा 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2028के सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सामाजिक आर्थिक उत्थान की योजनाओं के लिए 2लाख 1 हजार 282 करोड रुपए रखे है आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए 3729 करोड रुपए का बजट रखा गया है ।नारी शक्ति संबंधी विभिन्न योजनाओं के लिए 26797 करोड रुपए का बजट रखा है ।मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के लिए 18669 करोड़ों रुपए का प्रावधान है मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में 145 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है गोशालाओं में पशु आहार के लिए प्रति गोवंश प्रतिदिन 20 रुपये को दोगुना कर 40 किया जा रहा है।

# क्या महिला किसानों तक पहुंच रही है तकनीक

**भारत की कृषि-खाद्य प्रणालियाँ, जिनमें कृषि, पशुधन, कृषि वानिकी और मत्स्य पालन शामिल हैं, महिलाओं के भुगतान और अवैतनिक श्रम दोनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। महिलाएँ भारतीय कृषि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, खाद्य उत्पादन, पशुधन प्रबंधन और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को समर्थन देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।**

पूर्णकालिक ग्रामीण कार्यबल का लगभग 75प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है और वे कृषकों का 33प्रतिशत हिस्सा हैं। उनकी भागीदारी बुवाई, निराई, कटाई, कटाई के बाद प्रसंस्करण, डेयरी फार्मिंग और पशुधन देखभाल जैसी विभिन्न गतिविधियों में फैली हुई है। उनके आवश्यक योगदान के बावजूद, भूमि स्वामित्व एक चुनौती बनी हुई है, जिसमें केवल 12-13प्रतिशत महिला किसानों के पास भूमि का स्वामित्व है। हालाँकि, डिजिटल तकनीकों और छोटी पहलों में प्रगति कृषि में लैंगिक अंतर को कम करने में मदद कर रही है, महिलाओं को अधिक स्वतंत्र, आर्थिक रूप से स्थिर और निर्णय लेने में प्रभावशाली बनने के लिए सशक्त बना रही है। उनके प्रभाव को और बढ़ाने के लिए, डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना, स्मार्टफोन तक पहुँच में सुधार करना और नीति समर्थन प्रदान करना महत्त्वपूर्ण होगा। डिजिटल तकनीक और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफ़ी हद तक बदल दिया है। इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाज़ार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है।

डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म, जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्टीय कृषि बाजार) और एग्रीबाज़ार जैसे प्लेटफ़ॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की ज़रूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही



हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी इन महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के माध्यम से बाजरा की खेती का समर्थन करती है। महिलाओं पर बोझ कम करने में मदद करने के लिए बीज बोने वाले, हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर और सोलर ड्रायर जैसे सरल कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। सरकारी पहल मशीनीकृत उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जो महिलाओं के लिए फायदेमंद है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना जैसे एनजीओ और सरकारी कार्यक्रम आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। डिजिटल साक्षरता पहल महिला किसानों को नए तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। महिलाएँ जैविक खेती, पर्माकल्चर और जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों में तेज़ी से शामिल हो रही हैं। वर्मीकम्पोस्टिंग पिट, छत पर बगीचे और कृषि वानिकी जैसे छोटे पैमाने के हस्तक्षेप स्थायी आय में योगदान करते हैं। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा लखपति किसान पहल ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं को कृषि प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में प्रशिक्षित किया है। डिजिटल ग्रीन पहल ग्रामीण महिलाओं को बेहतर खेती के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए वीडियो का उपयोग करती है। वाग्धारा जैसे किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) महिलाओं को सामूहिक रूप से बेहतर कीमतों पर बातचीत करने में सहायता करते हैं। आज की दुनिया में, डिजिटल तकनीक और छोटे-छोटे हस्तक्षेप कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत रूप से, महिलाओं को निराई, थ्रेसिंग और डी-हल्किंग जैसे श्रम-गहन और समय लेने वाले काम सौंपे जाते रहे हैं। हालाँकि, मशीनीकरण उनके कार्यभार को हल्का करने में मदद करता है, जिससे उन्हें अधिक मूल्यवान कृषि गतिविधियों में संलग्न होने की अनुमति मिलती है। मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन और सलाहकार सेवाओं सहित डिजिटल उपकरण महिलाओं को अप-टू-डेट बाज़ार और मौसम की जानकारी प्रदान करते हैं, जो बेहतर फ़सल योजना और संसाधन प्रबंधन में सहायता करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1, एमपी नगर, भोपाल - 462011 (मप्र) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह (रजत) परिहार, मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है ग्वालियर : प्रद्युम्न सिंह तोमर



**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को उप नगर ग्वालियर के वार्ड 2 में 60 हार्सपावर मोटर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने ग्वालियर को स्वच्छ, सुन्दर, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आपका यह सेवक आप सभी के मान सम्मान में किसी तरह की कोर कसर नहीं छोड़ेगा। इस मौके पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा हमारा ग्वालियर बदल रहा है, अब ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग के कारण ग्वालियर की तकदीर और तस्वीर बदली है और वह समय अब दूर नहीं है, जब ग्वालियर का नाम पूरे सम्मान के साथ विकसित शहरों की श्रेणी में लिया जाएगा। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर उप नगर के वार्ड 2 में 22 लाख की लागत से सत्यनारायण की टेकरी पर 60 हॉर्स पावर मोटर का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस परियोजना के माध्यम से सत्यनारायण टेकरी पहाड़ी पर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को जल सुविधा में सुधार होगा। इस अवसर पर प्रशासन, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 21 मार्च तक

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल के उपार्जन के लिए प्रदेश भर में किसानों की उपज खरीदी हेतु पंजीयन अब 21 मार्च तक करा सकते हैं। पहले पंजीयन कराने के लिये 17 मार्च की तारीख निर्धारित थी। किसान भाई जिले में निर्धारित 40 पंजीयन केन्द्रों एवं मोबाइल एप के माध्यम से भी अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही अन्य माध्यम जैसे एमपी ऑनलाइन, सीएससी केन्द्र आदि से सशुल्क भी पंजीयन कराया जा सकता है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष चने का समर्थन मूल्य 5650 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर का 6700 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपए निर्धारित किया गया है। किसान भाई निर्धारित उपार्जन केन्द्र पर पहुँचकर अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे।

### लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** अपर कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। अपर कलेक्टर सुश्री सिंह ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों से कहा कि वे खनिज रॉयल्टी शीघ्र जमा करें। मायनिंग विभाग इसके फालोअप करते रहे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

### टीम वर्क की भावना से अवैध उत्खनन व कटाई रोकने के कार्य करें : कलेक्टर

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में वनो में अवैध कटाई व खनिज उत्खनन के संबंध में टीमवर्क की भावना से कार्य कर प्रदेश स्तर पर नवाचारो को प्रदर्शित किया जाए। इसके लिए आवश्यक गोपनीयता पर विशेष ध्यान रखा जाए और सम्पूर्ण कार्यवाही के बाद उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्मो पर किया जाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्यवाहियों के पूर्व सुरक्षा के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी, दुर्घटना घटित ना हो पाए। उन्होंने जिले के अन्दर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधो के संबंध में पूर्व में किए गए प्रबंधो का भी जायजा लिया।

### राजस्व वसूली की जानकारी सीआर में दर्ज होगी : सिंह

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने राजस्व वसूली के कार्यो की समीक्षा के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों को ताकिद करते हुए निर्देश दिए है कि राजस्व वसूली के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली में राजस्व वसूली की जानकारी रिमार्क के रूप में अंकित की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदारो को राजस्व वसूली कार्यो के प्रति और अधिक ध्यान देते हुए गंभीरता से वसूली कार्यो का संपादन कराने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कार्य क्षेत्रो के सभी बडे बकायादारो, मैरिज गार्डन, कालोनी, व्यवसायिक प्रतिष्ठानो तथा हाईवे के किनारे व्यवसाय संचालन करने वालो से राजस्व वसूली के कार्य पूरे किए जाए और जिले को प्राप्त लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर सिंह ने समीक्षात्मक बैठक में तहसीलवार राजस्व वसूली के तहत लक्ष्य और उसकी पूर्ति की अद्यतन जानकारियां प्राप्त करते हुए निर्देशित किया है कि आगामी एक सप्ताह की अवधि में शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य पूरे हो इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला को मिला पूज्य मुनि संघ का मंगल सानिध्य

## प्रातः 7 बजे गाजे-बाजों के साथ मुनि संघ का प्रस्थान आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला के लिए हुआ

**गंज बासौदा (दीपेश जैन, मध्य स्वर्णिम)**

नगर में संचालित आचार्य विद्यासागर गौशाला में बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम् प्रभावक शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में किया गया। प्रातः 07 बजे गाजे बाजों के साथ मुनि संघ का प्रस्थान स्थानीय महावीर विहार से मेवली कांचरोद रोड स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला के लिए हुआ। गौ शाला पहुंचकर मुनि महाराज द्वारा गौशाला का भ्रमण किया और संचालकों की व्यवस्था को सराहते हुए संचालकों के दया धर्म वृद्धि का आशीर्वाद भी दिया। फिर गौ शाला में विराजमान बड़े



बाबा का महा मस्ताकभिषेक एवं शांतिधारा का वाचन मुनि श्री के मुखारविंद से हुआ। बड़ी संख्या में गौ शाला पहुंचे भक्तों को अतिशय कारी बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया। मंदिर जी के सामने विचरण कर रही सैकड़ों गौ वंशों ने भी भगवान की प्रतिमा को निहारा एवं टकटकी लगाकर मुनि श्री की मंगल देशना को सुना । वही अभिषेक क्रिया के उपरांत मुनि श्री के प्रवचन सुन ने का अवसर समाज जन को भी प्राप्त हुआ। अपने उपदेश में मुनि श्री ने कहा कि, काल के प्रभाव से मनुष्य में करुणा एवं परमार्थ की भावना समाप्त होती जा रही है। वर्तमान में सिर्फ गाय में ही करुणा एवं दया शेष रह गई है। जो लोग मां-बाप को भार समझते हैं, वो गाय का पालन कैसे करेंगे ! शास्त्रों में उल्लेख है, कि पहले अतिथियों का सत्कार गौरस(दूध) से ही किया जाता था। साक्षात तीर्थंकर भी प्रथम आहार में गौरस (दूध) ही लेते थे। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि गौशाला के अलावा भी हर घर में भी एक-एक दुधारू गाय अवश्य होना चाहिए। गाय एकमात्र ऐसा जीव है, जो सदा शाकाहारी रहती है। गाय भूखी तो रह सकती है लेकिन कभी मांसाहार ग्रहण नहीं करती। मनुष्यों को गौ वंश से सीख लेना चाहिए। आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में पधारे सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला समिति द्वारा तिलक एवं गुलाल लगाकर फाग महोत्सव मनाया गया। वही आगामी 23 जनवरी को नगर में भगवान आदिनाथ जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाने का आगाज भी आचार्य विद्यासागर गौशाला से हुआ।

# कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना की जांच को लेकर कलेक्टर ने दिए आदेश

## जाँच दल गठित, 9 बिंदुओं पर पांच दिवस में जांच करने के निर्देश

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**



ग्वालियर में शनिवार की देर रात कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना हुई। कलेक्टर रुचिका चौहान एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्परता से मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया। इसके साथ ही मरीजों को अन्य वार्ड में सुरक्षित शिफ्ट भी किया। अग्नि दुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने अग्नि दुर्घटना की जाँच के लिये जाँच दल गठित कर जाँच के बिंदु निर्धारित किए हैं। जाँच दल पाँच दिवस में घटना की सम्पूर्ण जांच का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों को जाँच दल में रखा गया है, उनमें एसडीएम झांसी रोड विनोद सिंह, सीएसपी इंदरगंज रॉबिन जैन, अधीक्षक जयारोग्य अस्पताल डॉ. सुधीर सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. सचिन वास्तव, उपायुक्त एवं फायर ऑफीसर नगर निगम अतिबल सिंह यादव, कार्यपालन यंत्री ईएण्डएम लोक निर्माण विभाग आयुषि सचान व असिस्टेंट इंजीनियर विद्युत सुरक्षा आर एस वैश्य शामिल हैं। कलेक्टर चौहान ने घटना की जाँच के लिये निम्न बिंदु निर्धारित किए हैं। इनमें आगजनी की मूल घटना का कारण एवं आगजनी सर्वप्रथम कहां से प्रारंभ हुई, आगजनी की घटना से कितनी शासकीय-अशासकीय सम्पत्ति प्रभावित हुई, हॉस्पिटल में फायर फाइटिंग सिस्टम एवं उससे संबंधित उपकरणों की व्यवस्था थी अथवा नहीं, क्या स्टाफ फायर फाइटिंग के लिये प्रशिक्षित है, हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा विद्युत सुरक्षा संबंधी प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया था एवं विद्युत सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए थे या नहीं, आगजनी में हुए प्रभावित नुकसान की जानकारी एवं आगजनी की घटना के लिये कौन-कौन जिम्मेदार है, इन बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर रुचिका चौहान ने अधिकारियों के साथ देखीं पुस्तक मेले की तैयारियां

## इस मौके पर विभागीय अधिकारी एवं पुस्तक प्रकाशक एवं विक्रेता भी उपस्थित थे

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**



स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक वृहद पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में 22 मार्च से आयोजित किए जाने वाले पुस्तक मेले की तैयारियों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एडीएम टी एन सिंह, मेला सचिव टी आर रावत, विभागीय अधिकारी एवं पुस्तक प्रकाशक एवं विक्रेता भी उपस्थित थे। निर्धारित तिथि तक जिनका पंजीयन होगा उन्हें दुकानों का आवंटन कर दिया जायेगा। उन्होंने पुस्तक मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, फूड जोन आदि की व्यवस्थायें संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले की ग्राम पंचायत उदयपुरा, जखारा एवं इकहरा की महिलाओं ने मधुमक्खी पालन को बनाया अपना रोजगार

## महिलाओं के उत्साहवर्धन हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों ने खरीदा शहद

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**



राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने संगठित होकर मधुमक्खी पालन को अपना व्यवसाय बनाकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। स्व-सहायता समूह की 25 महिला सदस्यों द्वारा मधुमक्खी पालन कर लगभग 120 बॉक्स के साथ अपना कार्य प्रारंभ किया है।

महिलाओं के उत्साह और मेहनत से 700 किलोग्राम शहद एवं 25 किलोग्राम मोम समूह ने एकत्रित किया है। जिले की ग्राम पंचायत उदयपुरा, जखारा एवं इकहरा के 4 स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मधुमक्खी पालन का व्यवसाय प्रारंभ किया। महिलाओं की मेहनत और प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन से समूह का काम निखरने लगा और उन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होने लगा। मधुमक्खी पालन समूह की महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुँचकर कलेक्टर रुचिका चौहान को समूह द्वारा तैयार किए गए शहद की बोतल भी प्रदान की। कलेक्टर ने महिलाओं से विस्तार से चर्चा की तथा मधुमक्खी पालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि जिला पंचायत के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके साथ ही समूह द्वारा 120 बॉक्स के माध्यम से मधुमक्खी पालन का कार्य प्रारंभ किया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि शुरूआत में काफी परेशानियां आईं। लेकिन धीरे-धीरे काम बेहतर होने लगा और सभी के प्रयासों से शहद एवं मोम भी समूह को प्राप्त होने लगा।

# मंत्री नारायण सिंह कुशवाह व ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कमलाराजा अस्तपाल पहुँचकर मरीजों से की चर्चा

## ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मरीजों की दूरभाष पर कराई चर्चा

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**



ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल में गत रात्रि में हुई अग्नि दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल पहुँचकर मरीजों एवं उनके अभिभावकों से चर्चा की।

उन्होंने सभी मरीजों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार एवं पूरा प्रशासन उनके साथ है। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़ सहित अस्पताल प्रशासन के चिकित्सक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कमलाराजा अस्पताल पहुँचकर मरीजों का हालचाल जाना एवं उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को भी कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्तपाल में उपचाररत एक मरीज की प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दूरभाष पर चर्चा भी कराई। मुख्यमंत्री द्वारा भी अग्नि दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में इस प्रकार की कोई दुर्घटना न हो, इसके लिये हर संभव प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं एवं उपचाररत मरीजों को आश्वस्त किया कि वह किसी भी प्रकार से परेशान न हों। प्रदेश सरकार उनकी हर तरह से देखभाल कर रही है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने इस मौके पर केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़ एवं उपचाररत मरीज की दूरभाष पर चर्चा कराई। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने भी इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस पर गंभीरता से कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही उपचार मरीज को भी आश्वस्त किया कि वह किसी भी प्रकार की चिंता न करे। शासन-प्रशासन उनके साथ है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी ग्वालियर में कमलाराजा अस्पताल में हुई अग्नि दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर एवं डीन मेडीकल कॉलेज से दूरभाष पर चर्चा की।

# जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर व रोजगार मेला संपन्न

## 200 आवेदकों का चयन कर ऑफर लैटर प्रदान किए गए

**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**



प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, शासकीय एम.एच. होमसाइंस महाविद्यालय एवं शासकीय श्याम सुंदर महाविद्यालय सिहोरा में सोमवार को युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर मेला आयोजित किया गया। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संभागीय आईटीआई जबलपुर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा 200 आवेदकों का चयन कर ऑफर लैटर प्रदान किए गए। मेले में लगभग 1225 युवाओं द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रविकरण साहू के मुख्य आतिथ्य में महाकौशल महाविद्यालय में आयोजित करियर अवसर मेला का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि श्री साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर, रोजगार प्राप्त करें या स्वरोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाये। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री आशीष राव ने मेले के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लंबित आवेदनों की समीक्षा कर दिए निर्देश

## सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरणों पर विशेष जोर

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग सूची जारी होने में मात्र तीन दिन शेष बचे है अतः सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के दर्ज आवेदनो के निराकरणो पर विशेष ध्यान देंगे। इसी प्रकार के निर्देश उन्होंने सभी अनुविभागीय खण्ड स्तरीय अधिकारियों को भी दिए है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो के निराकरण मामलो में आज की स्थिति में विदिशा जिला पांचवे स्थान पर है। ग्रेडिंग माह की नौ हजार से अधिक शिकायतो का समाधान किया जाना है जिसमें पचास दिवस की 6253 शिकायते है इनमें सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग की 3403 शामिल है। इसी प्रकार सीपी ग्राम योजना से संबंधित कुल 71 शिकायते तथा फरवरी माह की कुल 2221 शिकायते लंबित है। इसके अलावा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम की विभागवार 190 शिकायते लंबित है। कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज शिकायतो के निराकरणो के लिए विशेष पहल करने की निर्देश दिए है उन्होंने विभागो के जिलाधिकारियों और खण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि संतुष्टि से अधिक से अधिक शिकायतो का समाधान हो। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आहूत की गई लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अलावा नक्शा अभियान, राजस्व वसूली, नीति आयोग के पैरामीटरो का क्रियान्वयन, किसान क्रेडिट कार्ड, गौ-शालाओं से संवद्ध कराई गई अतिक्रमणमुक्त भूमि का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, बजट, पीएम इन्टरशिप, विधानसभा संबंधी प्रश्नो के उत्तरो के संबंध में विभागवार की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया गया है ।

# राशनकार्ड से अपात्रों के नाम हटाने के कार्य को प्राथमिकता से करें ताकि जरूरतमंदों के नाम जोड़े जा सकें : कलेक्टर चौहान

## एक नाम वाले राशन कार्ड एवं 10 से अधिक सदस्यों की संख्या वाले राशन कार्डों के सत्यापन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**



कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा है कि राशन कार्ड के माध्यम से जरूरतमंदों को प्रतिमाह किफायती दर पर राशन दुकानों से अनाज उपलब्ध कराया जाता है। राशन कार्ड में ऐसे सदस्य जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि अन्य जरूरतमंदों के नाम जोड़े जा सकें। इसके साथ ही एक नाम वाले राशन कार्ड एवं 10 से अधिक सदस्यों की संख्या वाले राशन कार्डों के सत्यापन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री टी एन सिंह, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में राशनकार्ड में दर्ज ऐसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो गई है, उनके नाम हटाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाए। इसके साथ ही सभी राशन दुकानों पर एक सदस्यीय राशनकार्ड एवं 10 सदस्यों से अधिक वाले राशन कार्डों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि पात्र लोगों को ही राशन उपलब्ध हो सके। अपात्रों के नाम राशनकार्ड से हटाने से अन्य पात्र लोगों को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। कलेक्टर चौहान ने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 65 प्रतिशत से अधिक सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सभी जिला अधिकारी सुनिश्चित करें। जिन विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण 65 प्रतिशत से कम होगा वे सभी विभागीय अधिकारी 19 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात उनकी समीक्षा की जायेगी।

# विद्युत मंडल के स्टोर रूम में लगी भीषण आग, जान बचाकर भागे आस-पास के रहवासी, आग धुआं कई किलोमीटर दूर से देखा गया

## घटना छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित कोतरा रोड में विद्युत मंडल में सोमवार की सुबह सात बजे की है

**रायपुर ( एजेंसी )।**

गर्मी में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित कोतरा रोड में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के स्टोर रूम में आज सोमवार की सुबह सात बजे आग लग गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इतनी भीषण आग लगी थी कि इसका धुआं कई किलोमीटर दूर से देखा गया।



आग की लपटें फैलते चली गईं और कोतरा रोड के तीन से ज्यादा कालोनियों में रहने वाले रहवासी अपना-अपना मकान छोड़कर जान बचाकर भागे। सुबह में कोतरा रोड विद्युत मंडल के स्टोर रूम में रखे ट्रांसफार्मर के तार में अचानक आग लगने के बाद धुआं इतना तेजी से फैला कि लोगों का दम घुटने लगा। इस आग लगने की जानकारी पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगर निगम की फायर बिग्रेड सहित अन्य फायर बिग्रेड को मौके पर बुलाने की सहायता मांगी। 12 से ज्यादा फायर बिग्रेड की टीम ने 5 से अधिक घंटों के बाद इस आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ईग से 20 से 25 लाख का नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, रायगढ़ एसडीएम प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी वहां पूरी टीम के साथ पहुंचे और लगातार फैलते आग को बुझाने में लगे कर्मचारियों से चर्चा की। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक ने विद्युत विभाग के बडे अधिकारी व स्टोर प्रभारी गुंजन शर्मा से भी इसकी जानकारी ली और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये भी कहा। उनकी उपस्थिति में एनटीपीसी, जिंदल, अडानी व नलवा की कई फायर बिग्रेड पहुंची और फैलती आग पर काबू पाने के लिये भी युद्ध स्तर पर प्रयास किया गया। इस संबंध में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मनीष तनेजा व स्टोर विभाग के बडे अधिकारी गुंजन शर्मा का कहना है कि यहां आग लगी है। वहां बड़ी मात्रा में पुरानी ट्रांसफार्मर व तार रखे हुए थे और अब तक आग से 20 से 25 लाख का नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि आग जब से लगी है उसे बुझाने के प्रयास किये जा रहे हैं और नये ट्रांसफार्मर व अन्य सामानों तक आग नहीं पहुंची है। फैलती आग को रोकने के लिये आसपास के उद्योगों व नगर निगम की फायर बिगेड की सहायता ली गई है। उन्होंने इस बात को माना कि नगर निगम की फायर बिग्रेड काफी देर बाद यहां पहुंची।

# 29 लाख के इनामी सहित 19 नक्सलियों ने किया सरेंडर, इस साल मुठभेड़ में 56 ढेर

## इनमें से 8-8 लाख के इनामी पति-पत्नी समेत 29 लाख के 10 इनामी सहित 19 नक्सली शामिल हैं

**बीजापुर ( एजेंसी )।**



बीजापुर में एक बार फिर लाल आतंक को बड़ा झटका लगा है। 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति और 29 लाख के इनामी नक्सली सहित 19 नक्सलियों ने नक्सलपंथ से तौबा करते हुए आतंक के रास्ता को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 8-8 लाख के इनामी पति-पत्नी समेत 29 लाख के 10 इनामी सहित 19 नक्सली शामिल हैं। इसी के साथ इस वर्ष अब तक 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटे है। वहीं 137 नक्सली गिरफ्तार किये गए हैं जबकि 56 नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान व सरकार की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर 8 लाख के इनामी देवा पदम और आठ लाख की इनामी दुले कलमु ये दोनों पति-पत्नी हैं ने सरेंडर किया है। इसके साथ ही पांच लाख के इनामी एसीएम सुरेश कट्टाम, दो लाख की इनामी सोनी पुनेम, एक लाख के इनामी नारायण कट्टाम, एक लाख के इनामी अन्दा माड़वी, एक लाख के इनामी बामी कुहरामी ने सरेंडर किया है। इसके अलवा नागा कटटम, शंकर कड़ती, मुन्ना पोड़ियाम, सहला वाम, नरसिंह राम पोड़ियाम, शंकर माड़वी, लखमा ताती, पाण्डु माड़वी, जोगा सोड़ी, पिड़गा कटटम, एर्रा सोढ़ी और चिन्नाबी काका ने सरेंडर किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव ने नक्सलियों से अपील की है कि वे सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।

# एएसआई की डांट पर भड़के आरक्षक ने सिर और सीने पर बरसाई 20 राउंड गोलियां, मौके पर मौत

## छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सोमवार को गोलियों की आवाज से दहल उठी

**रायपुर ( एजेंसी )।**



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सोमवार को गोलियों की आवाज से दहल उठी। भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल यानी आईटीबीपी के 38वीं बटालियन खरोरा स्थित कैंप आज गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कैंप के आरक्षक ने इंसास रायफल से एएसईआई के सिर और सीने पर 20 राउंड गोलियां दागकर उन्हें मौत की नींद सुला दी। फायरिंग के दौरान कैंप में मौजूद जवान अपनी जान बचाने के लिए पेट के बल जमीन पर लेट गए। इससे पहले की जवान कुछ जान पाते सिपाही ने एएसआई पर 20 राउंड फायरिंग कर उनकी जान ले ली। इसके बाद जवानों ने कड़ी मशक्कत से आरोपी को पकड़कर रस्सी से बांधा फिर खरोरा पुलिस थाने को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि 56 वर्षीय एएसआई देवेंद्र कुमार दहिया ने 32 साल के आरक्षक सरोज यादव को मॉनिंग परेड में गलती की वजह से जमकर फटकार लगाई थी। इस वजह से सिपाही काफी नाराज था। एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि थाना खरोरा के आईटीबीपी के 38वीं बटालियन कैंप में सुबह 9 बजे के आस-पास आरक्षक सरोज यादव ने एएसआई देवेंद्र कुमार दहिया को इंसास राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी। इंसास रायफल से कुल 20 राउंड गोली चली है। घटना के बाद एफएसएल और बैरिस्टिक टीम पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि आरक्षक को मॉर्निंग परेड की ड्यूटी में लगाया गया था। उस समय एएसआई ने सिपाही को डांट लगाई थी। इससे गुस्साये आरक्षक ने गोली बरसाकर उनकी जान ले ली। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# सीएम साय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान के निधन पर जताया शोक

**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देवेंद्र प्रधान के निधन पर दुख प्रकट करते हुए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. देवेंद्र प्रधान के निधन से देश ने एक प्रखर जननेता, कुशल संगठनकर्ता और संवेदनशील जनप्रतिनिधि को खो दिया है। मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। वहीं समर्थकों और अनुयायियों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। सीएम ने कहा कि डॉ. देवेंद्र प्रधान का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन और लोकहित के प्रति समर्पित रहा। वे अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में प्रभावी कार्य करते हुए देश के विकास में योगदान देने वाले कर्मठ राजनेता थे। उनकी दूरदर्शिता, संगठनात्मक कौशल और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदा प्रेरणादायी रहेगी। सीएम ने कहा कि डॉ. प्रधान का निधन राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने समाज के सभी वर्गों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सदैव समाजसेवा को प्राथमिकता दी।

# रायपुर नगर निगम के एमआईसी सदस्यों की घोषणा, गिदवानी को मिला संस्कृति विभाग

## 14 सदस्यीय एमआईसी की सूची में 5 महिलाएं और 9 पुरुष को जगह दी गई

**रायपुर ( एजेंसी )।**



रायपुर ननि की मेयर मीनल चौबे ने सोमवार को निगम की मेयर इन काउंसिल के 14 सदस्यों की घोषणा की। कुल 14 एमआईसी सदस्यों को विभाग दिये गये। इसमें सबसे बड़ी और खास बात ये है कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर को हराने वाले अमर गिदवानी को भी एमआईसी सदस्य बनाया गया है। 14 सदस्यीय एमआईसी की सूची में 5 महिलाएं और 9 पुरुष को जगह दी गई। महापौर ने एमआईसी सदस्यों को विभाग प्रदान किया। दीपक जायसवाल को लोककर्म विभाग, डॉ. अनामिका सिंह को सामान्य प्रशासन एवं विधि-विधायी कार्य विभाग, मनोज वर्मा को नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, भारती बागल को राजस्व विभाग, संतोष कुमार साहू को जलकार्य विभाग, गायत्री सुनील चंद्राकर को लोक स्वास्थ्य, खाद्य एवं स्वच्छता विभाग, सुमन अशोक पांडेये को विद्युत एवं अभियांत्रिकीय विभाग, महेंद्र खोडियार को वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग, खेम कुमार सेन को शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग, सरिता आकाश दुबे को महिला एवं बाल विकास विभाग, संजना हियाल को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, अमर गिदवानी को संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग, नंद किशोर साहू को खेल एवं युवा कल्याण विभाग और भोला राम साहू को पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# देश-विदेश

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर हुआ प्रदर्शन, बिल पास हुआ तो होगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन

## असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मस्जिद पर अन्य के दावा करने मात्र से संपत्ति नहीं रहेगी हमारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**




वक्फ संशोधन बिल के विरोध में सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में एआईएमआईएम के प्रमुख नेता असदुद्दीन ओवैसी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर सांसद ओवैसी ने कहा, कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। बिल में यह प्रावधान है कि यदि कोई यह दावा करता है कि यह मस्जिद नहीं है और कलेक्टर जांच बैठाते हैं, तो जब तक जांच पूरी नहीं होती, मस्जिद हमारी संपत्ति नहीं मानी जाएगी।

उन्होंने आशंका जताई कि इस बिल को मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जा सकता है, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, पारदर्शिता और अवैध कब्जों को हटाने के लिए कानूनी सुधार लाना है। हालांकि, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कई अन्य मुस्लिम संगठनों ने इसे लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को करीब 5 करोड़ मुसलमानों ने ई-मेल के माध्यम से अपनी राय भेजी, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने दोहराया कि यदि यह विधेयक पारित हुआ तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल (यू) जैसे भाजपा के सहयोगी दलों को आमंत्रित नहीं किया गया। पहले यह प्रदर्शन 13 मार्च को होना था, लेकिन संसद में संभावित छुट्टी और सांसदों की अनुपलब्धता के कारण इसकी तारीख बदल दी गई। वक्फ बिल संशोधन के लिए संयुक्त संसदीय समिति के चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह संसद के कानून बनाने के अधिकार को चुनौती देने का प्रयास है। उन्होंने कहा, विरोध प्रदर्शन कर वे देश के लोगों में भ्रम और मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। यह कदम लोकतांत्रिक नहीं है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी बहस जारी है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विधेयक को लेकर आगे क्या कदम उठाती है और विरोध के स्वर कितने मुखर होते हैं।

# हमले की आंशका के चलते औरंगजेब के मकबरे की सुरक्षा कड़ी, प्रशासन मुस्तैद

## हिंदू संगठनों द्वारा दी गई धमकी के बाद प्रशासन ने अलर्ट जारी किया

**मुंबई ( एजेंसी )।**




समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी द्वारा हाल ही में औरंगजेब के शासनकाल की तारीफ किए जाने के बाद उठा विवाद अब औरंगजेब के मकबरे तक पहुंच गया है। महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में स्थित इस मकबरे पर भीड़ के धावा बोलने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और वहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हिंदू संगठनों द्वारा औरंगजेब के मकबरे पर कारसेवा करने की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कई राजनीतिक नेताओं ने भी इस मकबरे को हटाने की मांग की है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मकबरे के बाहर स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स (एसआरएफ) को तैनात किया गया है। मकबरे में सीधी एंट्री पर रोक लगा दी गई है, और अगले आदेश तक वहां जाने के लिए विशेष अनुमति आवश्यक होगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी हाल ही में कहा था कि सरकार इस मकबरे को हटाने के पक्ष में है, लेकिन कांग्रेस शासन के दौरान इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में दे दिया गया था, जिससे इसे हटाना आसान नहीं है। इस बयान के बाद हिंदू संगठनों ने अपने विरोध को और तेज करते हुए मकबरे पर कारसेवा करने की धमकी दे दी। विपक्ष का कहना है कि यह मुद्दा जानबूझकर उछाला जा रहा है ताकि जनता का ध्यान असली समस्याओं से हटाया जा सके। उद्धव सेना के नेता अंबादास दानवे ने सरकार पर मकबरे के रखरखाव के लिए फंड जारी करने के बावजूद इस तरह के भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया है।

# मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

## 43 देशों से लोग नहीं जा सकेंगे अमेरिका

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 43 देशों की एक सूची तैयार की है, जहां के लोगों पर ट्रैवल बैन लगाने का प्लान बनाया है। इस सूची में तीन कैटिगरी बनाई गई हैं। पहली रेड, दूसरी ऑरेंज और तीसरी येलो। रेड सूची में उन देशों को रखा गया है, जहां के किसी भी व्यक्ति को अमेरिका में एंट्री नहीं दी जाएगी। इसमें अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, ईरान, यमन, सोमालिया, सूडान और सीरिया जैसे देश शामिल हैं, जहां अशांति है या फिर अमेरिका से रिश्ते खराब हैं, लेकिन इस सूची में एक देश भूटान भी है। भूटान का नाम सूची में होना चौंकाने वाला है। इसकी वजह है कि भूटान को दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना जाता है। फिर भी भूटान को रेड लिस्ट में क्यों रखा जा रहा है? यह सोच का विषय है। ट्रंप प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि भूटान को इस सूची में शामिल करने की कुछ वजहें हैं कि भूटान के लोग अमेरिका में वीजा नियमों का उल्लंघन करते हैं। वीजा में तय अवधि के बाद भी वे अमेरिका में रहते हैं। ऐसी स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके अलावा अवैध चैनल से भी अमेरिका पहुंचने वाले भूटानियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इससे भी अमेरिका चिंतित है। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी का कहना है कि बीते साल 37 फीसदी भूटानियों ने वीजा नियमों का उल्लंघन किया।

## अदालत के आदेश को भी नहीं मान रहे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अदालती आदेशों को भी मानने को तैयार नहीं है। रोक के बाद भी उन्होंने सैकड़ों अप्रवासियों को अल सल्वाडोर में निर्वासित कर दिया है। ट्रंप प्रशासन का यह फैसला ऐसे समय में हुआ है जबकि अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने विदेशी दुश्मन कानून अधिनियम के तहत निर्वासन पर अस्थाई रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। अदालत के फैसले के बाद हुई इस कार्रवाई का बचाव करते हुए ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि जिस समय अदालत यह फैसला सुना रही थी उस वक्त इन व्यक्तियों को लेकर विमान उड़ान भर चुके थे। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स ई बोसबर्ग ने शनिवार को निर्वासन पर अस्थाई रूप से रोकने का आदेश जारी कर दिया था। ट्रंप प्रशासन के पक्ष से आए वकीलों ने उन्हें उस वक्त बताया कि अप्रवासियों को लेकर दो विमान पहले ही उड़ान भर चुके हैं। इनमें से एक अल सल्वाडोर जा रहा है, जबकि दूसरा होंडुरास की तरफ जा रहा है।

## अज्ञात बंदूकधारी से परेशान है शहबाज सरकार

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** टीटीपी और बीएलए पाकिस्तान के नाक में दम किए हुए हैं। इनसे राहत मिलती भी है कि अंधेरी रात में एक अज्ञात काल आता है और शहबाज सरकार की नींद उड़ा जाता है। पाकिस्तान सबसे ज्यादा चिंता में उसी अज्ञात काल से है। उसे न तो किसी ने देखा है और न ही उसके बारे में कोई जानता है। वह अज्ञात काल समय-समय पर बाइक पर नकाब पहन निकलता है और पाकिस्तान में छिपे भारत के दुश्मनों का काम तमान कर देता है। इस बार भी अज्ञात काल ने पाकिस्तान सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। अज्ञात बंदूकधारी ने शनिवार को भारत का एक और दुश्मन को मौत की नींद सुला दिया।

# एम्स में भर्ती रहने के दौरान सोनिया गांधी और ममता बनर्जी मेरी पत्नी से कुशलता की जानकारी लेती रही

## पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी ने नेताओं ने मेरी चिंता की : धनखड़

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



पश्चिम बंगाल का गवर्नर रहने के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और ममता बनर्जी के बीच कई बार तनावपूर्ण मौहाला बना था। लेकिन धनखड़ और सीएम ममता बनर्जी के निजी रिश्तों पर उसका कोई असर नहीं दिखता। इसकी बानगी तब दिखाई दी, जब उपराष्ट्रपति धनखड़ बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। खुद उपराष्ट्रपति ने बताया कि ममता उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनके परिवार के संपर्क में रहीं।

सोमवार से राज्यसभा की कार्यवाही फिर से संभालने वाले धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार उनकी पत्नी के संपर्क में रहीं। उनकी कुशलता की जानकारी लेती रहीं। उन्होंने कहा कि मुझे अस्पताल में देखने के लिए खुद पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। इसके अलावा टीएमसी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन भी एम्स पहुंचे थे। सोमवार को सदन में उपराष्ट्रपति की दीर्घायु की कामना की गई। वहीं नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आपको अभी और आराम करने की जरूरत है। दरअसल धनखड़ को हृदय रोग से संबंधित समस्या थी और उन्हें चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी नेताओं ने मेरी चिंता की। इसके लिए मैं आभारी हूं। धनखड़ को 9 मार्च को दिल्ली एम्स में एडमिट कराया गया था। उन्हें अस्पताल से 12 मार्च को छुट्टी मिल गई थी, लेकिन आराम करने के लिए कहा गया था।

# क्या हाफिज सईद मारा गया या पाक सरकार ने भेज दिया जेल!

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** भारत में कई आतंकी घटनाओं का मास्टरमाइंड हाफिज सईद कहां है? क्या वह मर चुका है? या अस्पताल में है? या फिर पाकिस्तानी सरकार ने उसे जेल में डाल दिया है। ये सवाल हैं जो बार-बार उठ रहे हैं। बता दें रविवार को हाफिज सईद को गोली लगने की खबर आई थी। वह पाकिस्तानी सेना के साथ बैठक कर लौट रहा था तभी झेलम इलाके में उसकी गाड़ी पर गोलियां बरसाई गईं। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में उसका करीबी अबू कताल मारा गया। बीते करीब पांच सालों में पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने कई आतंकवादियों को मौत की नींद सुला दिया है। बीते साल ऐसी ही रिपोर्ट कंधार विमान हाईजैक के मास्टर माइंड मसूद अजहर के बारे में आई थी। दावा किय गया था कि एक बम विस्फोट में वह मारा गया। हालांकि उसकी आज तक पुष्टि नहीं हो पाई है। कुछ रिपोर्ट में मसूद अजहर के घटना के बाद के दिनों में देखे जाने के दावे किए गए थे। सोशल मीडिया पर हाफिज सईद के बारे में दावे किए जा रहे हैं कि रविवार के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

# सना में रातभर हुए अमेरिकी हमले में 53 लोगों की मौत, कई घायल

## हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी

**सना ( एजेंसी )।**



यमन की राजधानी सना में रातभर हुए अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों सहित करीब 53 लोग मारे गए। हूती द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमलों में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अमेरिका ने हूतियों विद्रोहियों के खिलाफ अपने हमलों को तेज किए है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के साथ एकजुटता में लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने वाले विद्रोहियों के खिलाफ अत्यधिक घातक बल का उपयोग करने की शपथ ली। हूती लड़ाकों ने भी जवाबी कार्रवाई में तेजी लाने की कसम खाई है, क्योंकि अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से उन्हें सबसे बड़े हमलों में से एक का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका ने यमन में कई ठिकानों पर रातभर हवाई हमले किए, इसमें सना और हूती के गढ़ सदा प्रांत सहित अन्य स्थान शामिल थे।

# सत्र से पहले स्टार खिलाड़ियों की चोट ने बढ़ाई फ्रेंचाइजी की मुश्किलें, टीम में संयोजन बना सबसे बड़ी चुनौती

## जसप्रीत बुमराह, मयंक यादव 22 मार्च से शुरू हो रही लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)।

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हों या लखनऊ सुपरजाएंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव, इनके बारे में तय हो चुका है कि ये 22 मार्च से शुरू हो रही लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेलेंगे, लेकिन ये लीग में खेलेंगे या नहीं, यह अब भी बड़ा सवाल बना हुआ है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण को शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं है, लेकिन मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजाएंट्स समेत कुछ टीमों के खेमों में खलबली की स्थिति है। इसका कारण उनके सितारे क्रिकेटरों का लीग की शुरुआत में पूर्ण रूप से फिट नहीं होना है।

पिछले संस्करणों की तरह इस बार भी आईपीएल में क्रिकेटरों की चोटों का साया है। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हों या लखनऊ सुपरजाएंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव, इनके बारे में तय हो चुका है कि ये 22 मार्च से शुरू हो रही लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेलेंगे, लेकिन ये लीग में खेलेंगे या नहीं, यह अब भी




बड़ा सवाल बना हुआ है। लखनऊ के दो अन्य तेज गेंदबाजों मोहसिन खान और आवेश खान की फिटनेस पर भी तस्वीर साफ नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उमरान मलिक चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिनकी जगह टीम ने चेतन सकारिया को शामिल किया है। वहीं, पंजाब किंग्स के लॉकी फर्ग्यूसन की फिटनेस भी संदेह के घेरे में है। मुंबई इंडियंस तो अपने दो गेंदबाजों के बदले में दूसरे क्रिकेटर भी बुला चुका है।

**मुंबई को बुमराह की वापसी की जरूरत :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में टेस्ट खेलने के बाद से बुमराह मैदान में नहीं उतरे हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुर्नवास के दौर से गुजर चुके हैं, लेकिन गेंदबाजी का कार्यभार उठाने की फिटनेस उन्हें अभी भी प्राप्त करनी है। यही कारण है कि वह लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेलेंगे, लेकिन अब तक यह तय नहीं है कि वह पूरे सत्र में खेलेंगे भी या नहीं। मुंबई उनकी वापसी की उम्मीदें लगाए बैठा है। अगर वह नहीं खेले तो मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगेगा।

**मोहसिन-आवेश की फिटनेस पर भी सवाल :** लखनऊ के पास तेज गेंदबाजी विभाग में मयंक यादव, आकाशदीप, मोहसिन खान, आवेश खान, शामार जोसेफ हैं। तेज गेंदबाजी की सनसनी मयंक यादव पर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वह इस सत्र में खेलेंगे या नहीं। वहीं, मोहसिन और आवेश भी एनसीए में पुर्नवास के दौर से गुजर रहे हैं। ये दोनों गेंदबाज अगर लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेले तो ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम को नुकसान होगा।


**सैमसन रॉयल्स के लिए रहेंगे उपलब्ध :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी चोटिल चल रहे हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्हें आईपीएल के शुरुआती चरण में खेलने की अनुमति मिल गई है और वह जल्द राजस्थान रॉयल्स से जुड़ सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की फिटनेस भी संदिग्ध :** सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस, आरसीबी के जोश हेजलवुड और दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेले थे। हालांकि इन तीनों के आईपीएल में खेलने की संभावना है, लेकिन यह देखना होगा कि ये तीनों अपनी टीमों के लिए किस मैच से उपलब्ध रहेंगे।

# रहाणे आईपीएल के लिए मैदान में उतरते ही बनाएंगे रिकार्ड

## आईपीएल के 2025 सत्र के लिए केकेआर के कप्तान बने

मुम्बई (एजेंसी)।



आईपीएल के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान बने आजिंक्य रहाणे लीग के पहले मैच में उतरने ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम करेंगे। इसी के साथ ही रहाणे पहले भारतीय कप्तान बनेंगे, जिन्होंने तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी की है। कोलकाता नाइट राइडर्स का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रहाणे ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए कप्तानी की थी। उन्होंने स्टीव स्मिथ की जगह ली थी, जोकि एक गेम से बाहर थे। रहाणे ने 2018 में राजस्थान रॉयल्स में वापसी की थी, क्योंकि टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ पर एक सीजन के लिए बैन लगा था। आईपीएल 2019 में भी उन्होंने रॉयल्स टीम की कप्तानी की। रहाणे अगले पांच सीजन में दिल्ली कैपिटल्स, केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हुए। आईपीएल 2025 की मेगा-नीलामी में उन्होंने केकेआर में वापसी की और अब तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। वहीं रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने आईपीएल करियर के दौरान सिर्फ एक ही टीम की कप्तानी की है। जबकि महेन्द्र सिंह धोनी ने दो टीमों की कप्तानी की है। रहाणे को केकेआर टीम की कमान मिलने पर कई लोगों को हैरानी भी हुई, क्योंकि वेंकटेश अय्यर कप्तानी की दौड़ में उनसे आगे थे। पिछले सत्र में केकेआर की कप्तानी श्रेयस अय्यर के पास थी पर इस सत्र के लिए उन्हें केकेआर ने बरकरार नहीं रखा था।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### विराट कोहली ने शुरू की आईपीएल की तैयारी, नेट्स पर जमकर बहाया पसीना

**बंगलुरू (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2025 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है जिसका पहला मुकाबला आरसीबी और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। पहले मैच से पूर्व कोहली ने तैयारियां की और बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर बल्लेबाजी करते नजर आए। कोहली ने नेट्स पर थ्रोडाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास किया। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कोहली बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं। इस दौरान कोहली ने कुछ शानदार शॉट्स खेले। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और उनकी नजरें आईपीएल में भी यही फॉर्म बरकरार रखने की होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कोहली कुछ दिन के ब्रेक पर थे इसलिए वह आरसीबी के साथ देरी से जुड़े। आरसीबी इस बार रजत पाटीदार की अगुआई में खेलने उतरेगी, लेकिन फ्रेंचाइजी को अभी भी पहले आईपीएल के खिताब का इंतजार है। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान शानदार फॉर्म में नजर आए थे और उन्होंने पांच मैचों में 54.50 के औसत से 218 रन बनाए थे जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत को जीत दिलाई थी।



### 100वां टेस्ट खेलने के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा करते हुए बताया है कि वह अपने 100वें टेस्ट के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे और उन्होंने इसके लिए महेंद्र सिंह धोनी को आमंत्रित भी कर दिया था। अश्विन का 100वां टेस्ट 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेला गया पांचवां टेस्ट था। उन्होंने उस मैच में नौ विकेट लिए और भारत को पारी और 64 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अश्विन ने अब खुलासा किया कि वह 100वें टेस्ट से ही विदाई ले चाहते हैं और उनका मन था कि धोनी उस पल का हिस्सा बनें। हालांकि, ऐसा हो नहीं सका। अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में गाबा टेस्ट के बाद अचानक ही संन्यास लेने का फैसला कर दिया था। मैच के बाद जैसे ही कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए उनके साथ अश्विन भी मौजूद रहे और संन्यास लेने की घोषणा की थी। अश्विन के यूं अचानक संन्यास के फैसले ने सभी को चौंका दिया था। अश्विन ने कहा, मैं धोनी को अपने 100वें टेस्ट के लिए बुलाया जिससे वह मुझे मेमेंटो दे सकें। मैं चाहता था कि वो मेरा आखिरी टेस्ट हो, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। हालांकि, मैंने नहीं सोचा था कि वह मुझे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में वापस लाने का उपहार देंगे। यह उससे कहीं ज्यादा अच्छा है, इसलिए मैं ऐसा करने के लिए धोनी को धन्यवाद देता हूं। मुझे खुशी है कि मैं यहां हूं।



### फाइनल मैच के दौरान टीनों बेस्ट से भिड़े युवराज सिंह



**रायपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 (आईएमएलटी20) के खिताबी मुकाबले के दौरान वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज टीनो बेस्ट से भिड़ गए। रविवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें इंडिया मास्टर्स की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। इंडिया मास्टर्स की पारी के दौरान युवराज और बेस्ट के बीच कहासुनी हुई। बेस्ट अपना ओवर पूरा करने के बाद मैदान से बाहर जाना चाहता थे। हालांकि, युवराज ने इस बारे में अंपायर को जानकारी दी और बेस्ट को वापस मैदान पर आना पड़ा जो उन्हें अच्छा नहीं लगा। यह घटना 13 ओवर के बाद की है। मैदान पर वापस आते ही बेस्ट युवराज की ओर बढ़े और उनके साथ बहस करने लगे। इस दौरान दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को अंगुली दिखा रहे थे। मामला बढ़ता देखकर अंपायर और वेस्टइंडीज मास्टर्स के कप्तान ब्रायन लारा ने बीच बचाव किया और मामले को शांत कराया। अंबाती रायुडू की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। रायपुर में खेले गए फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन लारा की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 148 रन बनाए। जवाब में भारत ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर 149 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस तरह सचिन तेंदुलकर की अगुआई वाली टीम अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग टी20 के पहले संस्करण की विजेता टीम बन गई।

### लखनऊ सुपरजाएंट्स से जुड़ने की तैयारी कर रहे शार्दुल ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजाएंट्स आईपीएल 2025 से पहले अपने तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट से परेशान चल रही है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि लखनऊ फ्रेंचाइजी प्लान बी पर आगे बढ़ चुकी है। लखनऊ के ट्रेनिंग शिविर में भारतीय टीम के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर दिखे हैं जिससे चर्चा का बाजार गर्म हो गया है कि क्या वह लखनऊ से जुड़ने वाले हैं। आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। घरेलू टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलने वाले शार्दुल आईपीएल के पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेले थे, लेकिन वह रविवार को लखनऊ के ट्रेनिंग शिविर में फ्रेंचाइजी की जर्सी पहने नजर आए। शार्दुल को सीएसके ने रिलीज कर दिया था और उन्हें आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। शार्दुल ने इस साल घरेलू सत्र में काफी प्रभावित किया है जिससे आईपीएल में उनकी वापसी के दरवाजे खुल गए हैं। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में मुंबई के लिए शार्दुल ने नौ मैचों में 24.53 के औसत से 15 विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने नौ मैचों में 35 विकेट झटके।

# पूर्व विश्व विजेता कप्तान का समर्थन करना आमिर जमाल को भारी पड़ा

## ऑलराउंडर आमिर जमाल पर जुर्माना ठोक दिया गया

नई दिल्ली (एजेंसी)।




पाकिस्तान क्रिकेट की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। हर रोज कुछ न कुछ नया सुनने को मिलता है। इसका सबसे बड़ा कारण टीम का प्रदर्शन है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में करारी शिकस्त के बाद अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस बीच खबर आई है कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने के लिए ऑलराउंडर आमिर जमाल पर जुर्माना ठोक दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आमिर जमाल को आचार संहिता की धारा 2.23 का दोषी पाया और उन पर 10 लाख रुपये 4000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया। उनके खिलाफ इस कार्रवाई के तार जेल में बंद इमरान खान से जुड़े हैं। 28 वर्षीय जमाल ने मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए प्रशिक्षण के दौरान एक कैप पहनी थी जिस पर 804 लिखा था। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, जमाल की कैप पर लिखा 804 नंबर इमरान खान की जेल की पहचान से जुड़ा है। फिलहाल पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान जेल में बंद हैं। उनका बैज नंबर 804 है। ईएसपीएन क्रिक इनफो की रिपोर्ट में बताया गया कि पीसीबी ने आमिर की इस हरकत को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना है।

# पाकिस्तान के ऑलराउंडर खुशदिल शाह पर लगा जुर्माना, आईसीसी ने इस मामले में की कार्रवाई

## शाह ने आईसीसी की आचार संहिता के लेवल दो का उल्लंघन किया था, पचास फीसदी लगी पेनल्टी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

पाकिस्तान के स्टार ऑलराउंडर खुशदिल शाह पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जुर्माना ठोका है। उन्होंने आईसीसी की आचार संहिता के लेवल दो का उल्लंघन किया है। इस स्थिति में आईसीसी ने उनपर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान की टीम इन दिनों न्यूजीलैंड के दौरे पर है और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में पाकिस्तान की पारी के आठवें ओवर में खुशदिल शाह न्यूजीलैंड के गेंदबाज जकारी फोल्क्स से टकरा गए। आईसीसी ने उनकी इस हरकत को आचार संहिता का उल्लंघन माना और उनके खिलाफ कार्रवाई की। आईसीसी की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया, खुशदिल को खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खिलाड़ी, खिलाड़ी सहयोगी कर्मी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।




### पाकिस्तानी ऑलराउंडर ने स्वीकार की गलती

खुशदिल ने अंपायरों और मैच रेफरी जेफ क्रो द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। जुर्माने के साथ-साथ खुशदिल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में तीन डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। अगर 24 महीने की अवधि के दौरान चार या उससे अधिक डिमेरिट अंक जमा हो जाते हैं, तो उन्हें निलंबन अंक में बदल दिया जाता है। दो निलंबन अंक के परिणामस्वरूप खिलाड़ी को एक टेस्ट, दो वनडे या दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# लंदन में 10 जून से होगी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियनशिप

## इस बार का इनामी राशि भी बढ़ाकर 5 लाख यूरो कर दी गई है

लंदन (एजेंसी)।




ड्यूसेल्डॉर्फ 2023 और अस्ताना 2024 के बाद अब फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियन शिप का अगला संस्करण लंदन में 10 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस बार का इनामी राशि भी बढ़ाकर 5 लाख यूरो (करीब 4.5 करोड़) कर दी गयी है। रैपिड के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 1,90,000 यूरो की राशि रखी गई है। वहीं इस बार ब्लिट्ज़ के लिए एक नया नॉकआउट स्तर भी जोड़ा गया है नये नॉकआउट स्तर में पहले दिन राउंड रॉबिन आधार पर पूल के आधार पर मुक़ाबले होंगे प्रणाली, उसके बाद 16 टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करेंगी। इस बार भी टीम में कम से कम 6 और अधिकतम 9 खिलाड़ी हो सकते है। इसके साथ ही एक महिला खिलाड़ी और एक 2000 से कम रेटिंग के खिलाड़ी को भी टीम में शामिल करना होगा। इसमें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैगनस कार्लसन की टीम डबल्यूआर और भारत के अर्जुन एरिगासी की एमजीडी1 में इस बार कड़ी टक्कर हो सकती है। इस स्पर्धा को लेकर उत्साहित होते हुए फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, अपने कैलेंडर के सबसे रोमांचक आयोजनों में से एक को लंदन में लाने पर हमें खुशी है। हम उम्मीद करते हैं कि इसमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें कई उभरते खिलाड़ियों को बड़े खिलाड़ियों से सीखने को मिलेगा।

# जिस प्रकार की मेरी गेंदबाजी है उससे टेस्ट में जगह मिलना संभव नजर नही : वरुण

## चक्रवर्ती ने कहा है कि में टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं पर शायद ही खेल पाऊं

नई दिल्ली (एजेंसी)।



आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर शायद ही खेल पाये। वरुण का मानना है कि वह टेस्ट के लिए नहीं बने हैं। साथ ही कहा कि जिस प्रकार की गेंदबाजी उनकी है उससे टेस्ट में जगह मिलना संभव नजर नहीं आता। इस स्पिनर ने सितंबर 2018 में घरेलू क्रिकेट में डेब्यू के बाद से 27 लिस्ट ए और 106 टी20 मैच खेले हैं। इसके बाद उन्हें सीमिल ओवरों के लिए भारतीय टी20 और फिर एकदिवसीय टीम में जगह मिली। वरुण 2021 टी20 विश्वकप में भारत की टीम का हिस्सा थे, जहां टीम ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। इसके बाद उनको काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। वरुण के नाम सिर्फ एक फर्स्ट क्लास मैच है। नवंबर 2018 में हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने यह मुकाबला खेला था। वरुण टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर घरेलू क्रिकेट में कम अनुभव की वजह से उनको लगता है कि वो इस प्रारुप में भारत के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं कर सकते। वरुण ने कहा कि मुझे टेस्ट क्रिकेट में रुचि है पर मेरी गेंदबाजी का स्टाइल टेस्ट क्रिकेट के लिए फिट नहीं है। मेरी गेंदबाजी लगभग मीडियम पेस जैसी है। वहीं टेस्ट क्रिकेट में आपको लगातार 20-30 ओवर गेंदबाजी करनी होती है। मैं ऐसा नहीं कर सकता मैं अधिकतम 10-15 ओवर ही फेंक सकता हूं, जो टेस्ट प्रारुप के लिए उपयुक्त नहीं है। फिलहाल मैं 20 ओवर और 50 ओवर के व्हाइट बॉल क्रिकेट पर ध्यान लगा रहा हूं।

# तीन खिलाड़ियों की फार्म को लेकर मुम्बई इंडियंस की चिन्ताएं बढ़ीं, पांड्या रहेंगे कप्तान

## पिछले सत्र में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, इस बार उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा

मुम्बई (एजेंसी)।




हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुम्बई इंडियंस टीम 22 मार्च से शुरु होने वाले आईपीएल के पांचवें सत्र में खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। पिछले सत्र में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच ट्रॉफी जीत चुकी मुंबई इंडियंस कोअंतिम बार साल 2020 में खिताब जीता था।

इसके बाद से ही टीम कुछ खास नहीं कर पायी है। टीम के पास कप्तान पंड्या के अलावा रोहित शर्मा, तिलक वर्मा सहित कई अच्छे खिलाड़ी है पर सूर्यकुमार यादव, विल जैक्स और रीस टॉपली के खराब प्रदर्शन से उसकी चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमाक यादव का बल्ला पिछले काफी समय से शांत है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 सीरीज में भी वह केवल 28 रन ही बना पाये थे। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी की चार पारियों में 38 रन और रणजी ट्रॉफ़ी की पांच पारियों में 109 रन ही उनके नाम रहे। इसलिए, सूर्यकुमार का फार्म में आना मुम्बई के लिए जरुरी है। विल जैक्स का इस बार मुम्बइे ने मेगा नीलामी में खरीदा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछले सत्र में जैक्स ने आठ मैच में 230 रन बनाये थे और दो विकेट भी लिए थे। इस दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने 41 गेंद में 100 रन बनाये थे पर टीम ने उन्हें रिटेने नहीं किया था। जैक्स का फॉर्म हाल में बेहद खराब रहा है। एसएक 20 में 25 की औसत से वह केवल 225 रन ही बना पाए थे। ऐसे में मुम्बई चाहेगी कि वह सत्र क लिए लय हासिल कर लें।

# आईपीएल 2025 से पहले दिल्ली कैपिटल्स के लिए आई बुरी खबर

## ऑलराउंडर उमरजइ के टीम से जुड़ने में होगी देरी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब कुछ ही दिन शेष हैं।

दिल्ली कैपिटल्स इस बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलती नजर आएगी। हालांकि, टूर्नामेंट के आगाज से पहले टीम के लिए बुरी खबर आ रही है। दरअसल, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजा मतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से अपनी टीम से देर से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, उमरजई के घर में कुछ समस्या है। वह 20 मई तक भारत में रहेंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी से पहुंचना शुरू हो गए हैं। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जो अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने कहा, रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे सहित अन्य सभी यहां पहुंच गए हैं। नाथन जल्द ही टीम में शामिल होंगे।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### हैप्पीनेस पर राष्ट्रीय सेमिनार 20 - 21 मार्च को

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा भोपाल में नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस 20 और 21 मार्च 2025 को आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार में मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के लिये मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों और नीति निर्माताओं को आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में सभी अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों को साझा कर सकेंगे। इस आयोजन से आनंद के विविध आयामों एवं तत्वों पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन के लिये मंच मिलेगा।
प्रदेश में आनंद विभाग की स्थापना नागरिकों की खुशहाली एवं परिपूर्ण जीवन के लिए आंतरिक तथा बाह्य सकुशलता के लिये अगस्त 2016 में किया गया था। राज्य आनंद संस्थान नागरिकों की खुशहाली और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए सतत् कार्यरत है। संस्थान अपने विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और आनंदम गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों में सकारात्मकता और आत्मिक आनंद की भावना विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इसी सिलसिले में आयोजित हो रहे नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस में आतंरिक आनंद की अनुभूति बाह्य प्रभावों व भौतिक सुविधाओं के साथ आंतरिक आनंद को अनुभव करने के विधाओं पर चर्चा, आनंद से स्वास्थ्य आनंद और स्वास्थ्य के बीच संबंध, खुशहाल परिवार एवं कार्यस्थल परिवार में आनंदमयी वातावरण और कॉर्पोरेट तथा सरकारी संगठनों में आनंदमयी कार्य संस्कृति विकसित करने पर फोकस रहेगा।

### श्योपुर में पर्यटकों को सहजता से मिलेगा चीता देखने का अवसर

**भोपाल।** श्योपुर जिले के राष्ट्रीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'गामनी' और उसके चार शावकों को सोमवार को बाड़े से सफलतापूर्वक कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल के खजूरी वन क्षेत्र में छोड़ा गया। खजूरी वन क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन का एक हिस्सा है।पर्यटन क्षेत्र में चीतों की उपस्थिति से पर्यटकों को चीता देखने का अवसर मिलेगा। इससे पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कूनो राष्ट्रीय उद्यान संचालक सिंह परियोजना ने बताया है कि राष्ट्रीय कूनो उद्यान में चीता 'गामनी' और उसके चार शावकों को खुले जंगल में छोड़ने के बाद अब कूनों पार्क में 17 चीते जिसमें 11 शावक शामिल हैं जो स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। अब बाढ़े में 9 चीते शेष हैं, इनमें 3 शावक शामिल है। इस प्रकार कूनो नेशनल पार्क में कुल 26 चीते है, जो सभी पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

### पोषण भी-पढ़ाई भी' पर एक दिवसीय कार्यशाला 18 मार्च को

भोपाल। 'पोषण भी–पढ़ाई भी' कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के उन्मुखीकरण के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल के होटल रेडिसन में 18 मार्च को प्रातः 9:30 बजे किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। केन्द्र सरकार के 'पोषण भी–पढाई भी' कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3–6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 5 मई तकः राजपूत

**भोपाल।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 मार्च से शुरू हो चुकी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 5 मई तक की जायेगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अलावा किसानों को 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी देगी। इस बार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। किसानों गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करनी होगी। साथ ही जिन किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे 31 मार्च 2025 तक करवा सकते हैं।

# राष्ट्र प्रेम, साहस और गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाने वाली फिल्मों को देंगे प्रोत्साहनः मुख्यमंत्री

## फिल्म 'छावा' का विशेष शो हुआ ओपन थियेटर में





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 17वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजीराव महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म 'छावा' देखी। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री भी किया है।

अशोका लेक व्यू परिसर में ओपन थियेटर में हुए फिल्म के विशेष प्रदर्शन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री परिषद के सदस्यों और अनेक जन प्रतिनिधियों ने देखा और फिल्म की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म है। मध्यप्रदेश सरकार ऐसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत करवाने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करेगी। राज्य सरकार भारत के वीर शासकों और देशभक्तों के संघर्ष की गाथा को प्रस्तुत करने वाले सिनेमा को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जितने साहसी और वीर थे वैसे ही उनके सुपुत्र छत्रपति संभाजीराव महाराज भी थे। वे ऐसे शासक थे जिन्होंने देश के लिए राष्ट्र प्रेम का अदभुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा 300 वर्ष से अधिक पुराने दौर को सिनेमा के परदे पर जीवंत किया गया है। फिल्म के निर्माता निर्देशक और कलाकार बधाई के पात्र हैं।

## प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से प्रदेश में मिलेगा फुटबाल को बढ़ावाः मुख्यमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्यप्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व–सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व–सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया।
प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं? जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं। गाँव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं।

# महाकाल मंदिर से निकलेगा वीरभद्र ध्वज चल समारोह

## 51 पताका के साथ निकलेंगी चार गैर



उज्जैन। श्री महाकालेश्वर वीरभद्र ध्वज चल समारोह समिति द्वारा 19 मार्च को रंगपंचमी पर्व पर नगर में निकलने वाले ध्वज चल समारोह की तैयारी प्रारंभ हो गई है। महाकालेश्वर मंदिर से ध्वज चल समारोह प्रारंभ होगा। इसके पहले दोपहर में सिंहपुरी से गेर प्रारंभ होकर महाकाल मंदिर पहुंचेगी। मंदिर समिति द्वारा ध्वज प्रदान किया जाएगा। इसी दिन शाम को शहर में सिंहपुरी, कार्तिक चौक, भागसीपुरा की गेर भी ध्वज निशान के साथ निकलेगी।

श्री महाकालेश्वर वीरभद्र ध्वज चल समारोह को लेकर तैयारी प्रारंभ हो गई हैं। दो दिन पहले मंदिर प्रांगण में वीरभद्र का पूजन कर ध्वज का पूजन किया गया। इसके साथ ही मंदिर के पुजारी और पुरोहितों की बैठक भी आयोजित की जा चुकी है। ध्वज चल समारोह समिति के अध्यक्ष आशीष पुजारी ने बताया कि परंपरानुसार रंगपंचमी पर्व 19 मार्च को संध्या के समय भगवान महाकाल और सभा मंडप में विराजित श्री वीरभद्र का पूजन करने के बाद ध्वज पूजन के साथ कोटितीर्थ कुंड की परिक्रमा कर ध्वज चल समारोह श्री महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगा।

चल समारोह में 51 ध्वज पताका के साथ एक चांदी का ध्वज, श्री वीरभद्र जी का रथ और करीब 7 से 8 धार्मिक झांकियों के साथ ही भगवान महाकाल के सेहरा दर्शन की झांकी भी शामिल रहेगी। वहीं ढोल, ताशे, अखाड़े के साथ ही उज्जैन व अन्य स्थानों से आए बैंड भी धार्मिक गीतों की स्वर लहरी बिखेरते हुए शामिल रहेंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अशोका लेक व्यू परिसर में रसोईयों से की बात



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'छावा' के प्रदर्शन के अवसर पर लेक व्यू अशोका ओपन थिएटर परिसर में भोजन व्यवस्था देख रहे कारीगरों से आत्मीयता पूर्वक चर्चा की। उनके द्वारा परोसे जा रहे अन्न (मोटे अनाज) के व्यंजन और उन्हें तैयार करने की विधि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रशंसा भी की।*

# भोपाल में होगा ई-बसों का संचालन, बीसीएलएल में हुई गड़बड़ी की जांच होगी

**भोपाल।** प्रदेश की राजधानी भोपाल का विस्तार हो रहा है। कई कालेज, अस्पताल और औद्योगिक इकाइयां शहर से दूर हैं। यहां हजारों विद्यार्थी और मजदूरों का आना–जाना होता है पर आवागमन के साधन सुदृढ़ नहीं हैं। भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाया जा रहा है, इसलिए जो नई ई–बसों का संचालन होने वाला है, उन्हें यहां चलाया जाए। यह मांग भोपाल के हुजूर क्षेत्र से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने सोमवार को सदन में उठाई।



इस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि परिवहन विभाग के सहयोग से कार्य योजना बनाई जाएगी। बीसीएलएल के बसों के संचालन में अनियमितता की जांच कराई जाएगी।

## ट्रांसफार्मर, पोल के पास ठेले न लगाएं, हो सकती है दुर्घटना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# युवाओं के भविष्य को संवारने वाला बजट, मुख्यमंत्री का आभारः डॉ अभिलाष पांडे

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करने पहुंचे जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा विधायक डॉ अभिलाष पांडे

**भोपाल।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे 17 मार्च को विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का विगत सप्ताह पेश हुए मध्यप्रदेश सरकार के 4 लाख 21 हजार करोड़ के सर्वजन कल्याणकारी और विकसित मध्यप्रदेश को समर्पित बजट धन्यवाद एवं आभार करने पहुंचे।




इस दौरान डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि ये 4लाख 21 हजार करोड़ का बजट जो मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया है ये विकासोन्मुखी एवं कल्याणकारी बजट है , इस बजट में युवाओं के हित के लिए अनेकों प्रकार के प्रावधान और कल्याणकारी योजनाओं का समन्वय किया गया है।

चाहे वह स्किल्ड यूथ बनाने का कार्य हो, ग्लोबल इनवेस्टर समिट के माध्यम से लाखों युवाओं के लिए रोजगार सृजन करने का कार्य हो, स्वरोजगार एवं उद्यम के लिए कार्य हो प्रत्येक प्रकार से बजट में युवाओं के भविष्य को उन्नत बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं।

इस सर्वजन कल्याणकारी और विकसित मध्यप्रदेश को समर्पित बजट हेतु मुख्यमंत्री जी का विशेष आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं।

# सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान के निर्माणाधीन भवन का काम तेज गति से

## भोपाल के भौरी में 45 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है भवन

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भोपाल के भौंरी में 45 करोड़ रुपये लागत से सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान भवन निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पिछले दिनों संस्थान के निदेशक श्री कैलाश वानखेड़े एवं विभागीय अधिकारियों ने निर्माण स्थल पहुँच कर भवन निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।

### संस्थान का उद्देश्य

*संस्थान की स्थापना का उद्देश्य शहरी निकायों की कार्य–प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और जन–भागीदारी के साथ विकास के लक्ष्य को हासिल किया जाना है। इसके लिये नगरीय निकायों के लोक सेवकों एवं निर्वाचित जन–प्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे हैं। वर्तमान में यह संस्थान शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन परिसर में संचालित हो रहा है। संस्थान द्वारा वर्ष 2024–25 में अब तक 49 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी के साथ केन्द्र सरकार की एकीकृत क्षमता संवर्धन योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण में करीब 760 प्रतिभागियों की भागीदारी रही है।*

### संस्थान का निर्माणाधीन नवीन परिसर

*सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान के लिये भौरी में 10.12 हेक्टेयर भूमि राजाभोज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के समीप प्रदान की गयी है। संस्थान में प्रशिक्षण भवन, लायब्रेरी, खेल प्रसाधन, स्मार्ट क्लॉस–रूम, अधिकारी–कर्मचारियों के लिये आवासीय इकाइयाँ और 4 हॉस्टल निर्मित किये जा रहे हैं।*

### ऑनलाइन प्रशिक्षण

*संस्थान द्वारा आगामी वर्ष 2025–26 में लगभग 3 हजार निर्वाचित जन–प्रतिनिधियों और मिशन कर्मयोगी परियोजना के अंतर्गत शासकीय लोक सेवकों को ऑफलाइन के साथ–साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। संस्थान में अब तक 611 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में करीब 27 हजार 400 प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में डिजिटल तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है।*

# रंगपंचमी गेर के लिए इंदौर में बिजली कंपनी की विशेष तैयारी

इंदौर। इंदौर शहर की परंपरागत रंग पंचमी 19 मार्च की विशेष गेर के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की शहर वृत्त टीम ने विशेष रूप से तैयारी की हैं। शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि प्रशासन, नगर निगम, पुलिस के अधिकारियों के साथ टोरी कार्नर, मल्हारगंज से लेकर राजबाड़ा, कृष्णपुरा तक के गेर मार्ग का निरीक्षण किया गया है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि गेर के मार्ग पर केबल व तार पर्याप्त व सुरक्षात्मक ऊंचाई पर किए गए हैं, वहीं कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर के पुराने, क्षतिग्रस्त बॉक्स बदले गए है।

**14 फीडर प्रभावित होंगे, 50 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई**

उन्होंने बताया कि सुभाष चौक जोन पर बिजली कंपनी का अस्थाई कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। विभिन्न ग्रिड, ट्रांसफार्मरों के पास बिजली कर्मचारी तैनात रहेंगे। अधीक्षण यंत्री श्री शर्मा ने बताया कि ऐतिहासिक गेर के दौरान फायर फायटर से 100 से 150 फीट की ऊंचाई तक रंग उड़ाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षात्मक कारणों से 11 केवी लाइन के कुल 14 फीडरों से अलग–अलग समय पर बिजली प्रदाय बंद किया जाएगा। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि गेर मार्ग की बिजली संबंधी व्यवस्थाओं के लिए 15 इंजीनियरों समेत कुल 50 कर्मचारी तैनात रहेंगे।

# आष्टा में लाइसेंसी बंदूक से किया दुर्लभ हिरण का शिकार, मांस ले जाते पुलिस ने तीन को पकड़ा



सीहोर। सीहोर जिले के आष्टा क्षेत्र में दुर्लभ हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। शिकारियों ने हिरण का शिकार कर अवशेष को जंगल में छिपा दिया था। मांस बाइक पर रखकर ले जा रहे थे।

इसी दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन शिकारियों को दबोच लिया। आष्टा के जंगल में दुर्लभ हिरण काफी संख्या में हैं। हिरणों की धमा चौकड़ी शिकारियों को लगातार आकर्षित करती रहती है। इसके चलते शिकारियों की अक्सर हिरणों पर नजर बनी रहती है।

आए दिन हिरणों के शिकार के मामले के सामने आते हैं। इसी तरह के मामले में आष्टा पुलिस ने हिरण के अवैध शिकार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से हिरण का मांस, अवशेष, लाइसेंसी बंदूक और बाइक जब्त की है।

# मप्र कानून अव्यवस्था की राजधानी

## कमलनाथ बोले-पूरा देश मप्र की तरफ देख रहा और हालात ऐसे

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा बजट सत्र में पहली बार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में बिगड़ते कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने मामले को लेकर पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसके बाद विधानसभा सत्र के दौरान सदन के बाहर पत्रकारों से चर्चा भी की। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश कानून अव्यवस्था की राजधानी बनता जा रहा है। मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बनता जा रहा है। पूरा देश आज मध्य प्रदेश की तरफ देख रहा है और ये हालात हैं। इधर मऊगंज मामले पर



प्रतिक्रिया देते हुए स्थानीय विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारी और प्रभारी मंत्री वहां का दौरा कर चुके हैं। अब जांच में जो बातें सामने आएंगी, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पटेल ने कहा कि घटना वाले दिन हम बाहर थे। बहुत दुखद घटना है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज पांचवां दिन है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मंडला में नक्सली एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए जांच की मांग की। दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी के बाद उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया। जानकारी के लिए बता दें कि मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में बीते शनिवार को भड़के दंगे में एक एएसआई की मौत हो गई थी जबकि थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी और तहसीलदार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मऊगंज जिले के शाहपुर इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आदिवासी युवक की मौत को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस हमले में् स्ढ्ढ रामचरण गौतम की मौत हो गई थी।